CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $22^{0}$C
न्यूनतम : $12^{0}$C

मुजफ्फरनगर, रविवार 12 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 84 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 23 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बाबा साहब भीम राव अंबेडकर ने भी शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुद्दा बनाया पेज 2



जीत का लक्ष्य बरकरार रखने उतरेगी एलएसजी खेल टाइम्स



नुसरत का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान बॉलीवुड



ईरान को हथियार देने की तैयारी में चीन पेज 11

## हिजबुल्लाह का इजरायली सैन्य ठिकानों पर हमला

**इस्लामाबाद।** लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने शनिवार को इजरायल के कई सैन्य ठिकानों पर रॉकेट, ड्रोन और मिसाइल अटैक किए। जवाब में इजरायल ने लेबनान के कई ठिकानों पर हमला किया।

इजरायल ने साफ कर दिया है कि वह हिजबुल्लाह के साथ सीजफायर पर बातचीत नहीं करेगा। इससे पहले खबरें थीं कि अमेरिका में इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच इस मुद्दे पर बैठक हो सकती थी। इसी बीच, ईरान ने कहा कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंचती, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी। गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था।

# इस्लामाबाद के सेरेना होटल पर दुनिया की निगाहें

### सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू , ईरान की मांग- लेबनान पर तुरंत हमले बंद हों

**■ बातचीत का पहला राउंड 2 घंटे तक चला, इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधाानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर शुरू हो गया है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजरायली हमले रोकने की मांग की।

इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग कल भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की। इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में



चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजरायल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजरायल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

**■ मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है सेरेना होटल**

इस्लामाबाद के लग्जरी सेरेना होटल में अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर वार्ता हो रही है। यह होटल शहर के सबसे सुरक्षित इलाकों में माना जाता है। सेरेना होटल अपनी मजबूत सुरक्षा, सही लोकेशन और बड़े-बड़े मेहमानों को संभालने के अनुभव के लिए जाना जाता है। यहां आने-जाने के हर रास्ते पर कड़ी जांच होती है और कई लेयर में सिक्योरिटी लगी रहती है। यह होटल प्रधानमंत्री आवास और संसद जैसे अहम सरकारी जगहों के पास है, जिससे नेताओं और अधिकारियों के लिए यहां आना-जाना आसान और सुरक्षित रहता है। यही वजह है कि बड़ी और संवेदनशील मीटिंग्स के लिए इसे चुना जाता है। करीब 6 हेक्टेयर में फैले इस होटल में 400 से ज्यादा कमरे, बड़े कॉन्फ्रेंस हाल और आफिस स्पेस हैं। यहां एक साथ 150 से ज्यादा लोगों की टीम आराम से रुक सकती हैं

## संक्षिप्त समाचार

### होर्मुज में व्यवधान के बीच ईंधन भरने अमेरिका आ रहे जहाज: ट्रम्प का दावा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के साथ जंग के बीच ईंधन संकट को लेकर नया बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि होर्मुज में व्यवधान के बीच कई बड़े जहाज तेज और गैस भरवाने के लिए अमेरिका की तरफ आ रहे हैं। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक संदेश में लिखा, दुनिया के सबसे बड़े खाली तेल टैंकर बड़ी संख्या में अमेरिका की तरफ बढ़ रहे हैं। इन टैंकरों पर दुनिया के सबसे बेहतरीन और अच्छे तेल तथा गैस को लोड किया जाएगा। उन्होंने लिखा कि अमेरिका के पास दो सबसे बड़े तेल उत्पादक देशों की तुलना में अधिक तेल भंडार है। यह तेल उच्च गुणवत्ता वाला भी है। विशालकाय खाली तेल टैंकरों के अमेरिका की तरफ बढ़ने के दावे के समर्थन में उन्होंने भारतीय समयानुसार शनिवार सुबह करीब 10 बजे ट्रुथ सोशल पर एक नक्शा भी साझा किया। इसके करीब आठ घंटे बाद शनिवार शाम को ट्रम्प ने एक अन्य पोस्ट में लिखा, तेल-गैस भरवाने आ रहे जहाजों में कुछ दुनिया में सबसे बड़े हैं।

### मोस्ट वांटेड अपराधी साहिल बैंकॉक से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** हरियाणा के एक मोस्ट वांटेड अपराधी को थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक से भारत वापस लाया गया है। वह अपराधी साहिल चौहान विदेश भाग गया था। इस कार्रवाई को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और इंटरपोल की मदद से अंजाम दिया गया। सीबीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से हमने 10 अप्रैल को वांछित फरार अपराधी साहिल चौहान को थाईलैंड से सफलतापूर्वक भारत वापस लाने का इंतजाम किया है। हरियाणा पुलिस को हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती और अवैध हथियारों के इस्तेमाल से जुड़े कई मामलों में साहिल चौहान की तलाश थी। वह कुख्यात भूप्पी राणा गैंग का एक प्रमुख सदस्य है, जो हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में सक्रिय है। 4 जनवरी 2017 को चौहान ने कथित तौर पर जगाधरी कोर्ट परिसर यमुनानगर, हरियाणा में गैंग रंजिश के चलते मोनू राणा पर उस समय फायरिंग की थी, जब उसे लंबित आपराधिक मामलों में सुनवाई के लिए अदालत में पेश किया था।

# वोट देना-चुनाव लड़ना मौलिक अधिकार नहीं

### ये वैधानिक अधिकार हैं, चुनाव लड़ने के लिए योग्यता शर्तें जरूरी हैं : सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिर स्पष्ट किया है कि वोट देने और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार नहीं हैं, बल्कि ये वैधानिक अधिकार हैं। यह अहम टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने की जिसमें जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन शामिल थे।

शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं। हालांकि, ये दोनों अधिकार लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इनका स्रोत संविधान के बजाय कानूनों में निहित है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वोट देने और चुनाव लड़ने के अधिकार में मूलभूत अंतर है। मतदान का अधिकार नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का मौका देता है, जबकि चुनाव लड़ने का अधिकार अधिक कड़े नियमों और शर्तों के अधीन होता है। इसमें उम्मीदवार की योग्यता, अयोग्यता, प्रशासनिक आवश्यकताएं और संस्थागत नियम शामिल होते हैं। इसलिए चुनाव लड़ना एक नियंत्रित प्रक्रिया है, जिसमें विभिन्न कानूनी मानदंड लागू होते हैं। दरअसल मामला राजस्थान के जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के चुनावी नियमों से संबंधित था। इन संघों का संचालन तीन-स्तरीय ढांचे के अनुसार होता है और इनके लिए राज्य कानूनों तथा बायलाज के माध्यम से उम्मीदवारों की पात्रता तय की जाती है। इन नियमों में दूध की आपूर्ति, गुणवत्ता, संघ की वित्तीय स्थिति और ऑडिट जैसे मानदंड शामिल थे। कुछ सहकारी समितियों ने इन नियमों को चुनौती देकर राजस्थान हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 2015 में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने इन बायलाज को अवैध बताकर रद्द कर दिया, जबकि पहले हुए चुनावों को वैध बनाए रखा। बाद में 2022 में डिविजन बेंच ने भी फैसले को बरकरार रखा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के तर्कों से असहमति जताकर कहा कि इस प्रकार की रिट याचिकाओं की स्वीकार्यता पर सवाल उठते हैं। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया कि इस तरह के मामलों में न्यायिक हस्तक्षेप सीमित होना चाहिए, जब तक कि कोई स्पष्ट संवैधानिक उल्लंघन न हो।



**■ यह स्थापित कानूनी सिद्धांत है कि न मताधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार संविधान के मौलिक अधिकारों में शामिल हैं: शीर्ष अदालत**

### सीजेआई सूर्यकांत बोले: इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनोमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है। जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026 में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है। सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना, ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

# लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई-काठमांडू फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग

**■ ईंधन कमी के चलते लेना पड़ा फैसला, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाइट की ईंधन कमी के चलते इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई, विमान में सवार सभी 154 यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब दुबई से काठमांडू जा रही एक अंतर्राष्ट्रीय फ्लाइट की अचानक इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, विमान में ईंधन की कमी के चलते यह निर्णय लिया गया। हालांकि राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी 154 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह फ्लाइट दुबई से नेपाल की राजधानी काठमांडू के लिए रवाना हुई थी। उड़ान के दौरान तकनीकी और परिचालन कारणों के चलते विमान के पायलट को ईंधन की स्थिति को लेकर चिंता हुई। स्थिति को देखते हुए पायलट ने नजदीकी सुरक्षित हवाई अड्डे पर लैंडिंग की अनुमति मांगी, जिसके बाद लखनऊ एयरपोर्ट को चुना गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल से अनुमति मिलने के बाद विमान को प्राथमिकता के आधार पर लखनऊ एयरपोर्ट पर उतारा गया। जैसे ही इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना मिली, एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गईं। रनवे को तत्काल खाली कराया गया और आपातकालीन सेवाओं को तैयार रखा गया।

## धन शोधन जांच में 6.3 करोड़ रुपये जब्त किए

**नई दिल्ली।** ईडी ने अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लि. (ईआईएल) और उसकी समूह संस्थाओं से जुड़े एक मामले में तलाशी अभियान चलाकर 6.3 करोड़ रुपये की नकदी, 7.5 करोड़ रुपये के आभूषण, चांदी की सिल्लियां और लग्जरी घड़ियां जब्त की हैं।

ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह छापेमारी गुरुग्राम और दिल्ली में अर्थ ग्रुप के निदेशकों, प्रमोटरों और संबंधित संस्थाओं से जुड़े 10 ठिकानों पर की गई। तलाशी अभियान के दौरान ईडी ने लगभग 6.3 करोड़ रुपये नकद और करीब 7.5 करोड़ रुपये मूल्य के आभूषणों के साथ-साथ चांदी की सिल्लियां और कीमती घड़ियां भी जब्त कीं। धन शोधन की यह जांच दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) के अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, इसके निदेशकों और संबंधित संस्थाओं के खिलाफ धोखाधड़ी, विश्वासघात और साजिश के लिए आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज पांच एफआईआर के तहत की गई है। इसके अतिरिक्त, गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय ने भी अर्थ ग्रुप के प्रमोटरों/ निदेशकों के खिलाफ शिकायत दर्ज की है।

## मणिपुर में बंगाल के बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले में पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बीएसएफ के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4.30 बजे गोली लगी। गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन बीएसएफ में तैनात थे। फरवरी में दो समुदायों के बीच हुई जातीय झड़पों के बाद कुकी गांव मोंगकोट चेपू और पड़ोसी तांगखुल नागा इलाके में गोलीबारी होती रही हैं।

## लेफ्ट की कार्बन कॉपी बनी टीएमसी: मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के जंगीपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए टीएमसी सरकार पर हमला बोला है। पीएम मोदी ने साफ लफ्जों में कहा कि बंगाल की जनता अब भय से ऊब चुकी है और भरोसे की ओर बढ़ रही है।

घुसपैठियों की सरकार का अंत तय है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में भाजपा चुनाव जीत रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जो गुंडे और सिंडिकेट पहले वामपंथी दल सीपीआईएम के लिए काम करते थे, वे अब टीएमसी का हिस्सा बन चुके हैं। पीएम ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार, कट मनी और कमीशनखोरी का जो खेल लेफ्ट ने शुरू किया था, टीएमसी ने उसे



और खतरनाक बना दिया है। हथियारों की तस्करी, ड्रग्स और मवेशी तस्करी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बंगाल में टीएमसी मां, माटी, मानुष का नारा लगाकर सत्ता में आई थी, लेकिन अब बंगाल में घुसपैठियों द्वारा, घुसपैठियों के वोट से, घुसपैठियों की सरकार बनाना चाहती है।

बंगाल अब तुष्टीकरण और वोटबैंक के खेल को और बर्दाश्त नहीं करेग पीएम मोदी ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और तुष्टीकरण की राजनीति को खत्म करने का वादा किया है। उन्होंने विशेष रूप से मतुआ और नामशूद्र समुदायों को संबोधित करते हुए कहा कि आप किसी टीएमसी नेता की दया पर यहां नहीं हैं, आपको भारत का संविधान सुरक्षा देता है। यह मोदी की गारंटी है कि भाजपा सरकार बनते ही सीएए के तहत नागरिकता देने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी।

## महाराष्ट्र के मंत्री का हेलीकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा

**पुणे।** महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और एनसीपी नेता छगन भुजबल शनिवार को बड़े हादसे से बच गए। पुणे के पुरंदर इलाके में उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड की बजाय कार पार्किंग में उतरा। हेलीपैड वहां से एक किलोमीटर दूर था। पुणे प्रशासन ने बताया कि हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड तैयार किया गया था, पर पायलट ने पार्किंग की खाली जगह को लैंडिंग साइट समझ लिया। उस समय जगह खाली थी, जिससे भ्रम की आशंका है। घटना तब जब भुजबल पुणे में ज्योतिबा फुले की जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे।

# 12 राज्यों-यूटी में एसआईआर, 6.08 करोड़ नाम कटे

**■ उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं, यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं।

पिछले साल 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाता करीब 51 करोड़ थे। फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई। एसआईआर के दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13 प्रतिशत घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं। यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में भी करीब 91 लाख नाम बाहर हुए। चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को देशभर में एसआईआर कराने का आदेश दिया था। अब तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हुए। पहले फेज में बिहार, दूसरे में 9 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे। असम में एसआईआर के बजाय 10 फरवरी को स्पेशल रिवीजन पूरा हुआ था। इस प्रक्रिया के दौरान कई राज्यों में शेड्यूल में बार-बार बदलाव हुए। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ शामिल किए जा चुके हैं। बाकी 39 करोड़ को तीसरे फेज में 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में कवर किया जाएगा। इन 22 राज्यों-यूटी में प्रक्रिया इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद शुरू होगी। पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान करीब 91 लाख नाम हटाए गए। चुनाव आयोग के अनुसार, यह कार्रवाई नवम्बर से चल रही प्रक्रिया के तहत की गई। 28 फरवरी तक के आंकड़ों के मुताबिक एसआईआर शुरू होने के बाद 63.66 लाख नाम हटाए गए थे। इससे मतदाता 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गए।

## कूनो में आई खुशखबरी, चार शावकों की मां बनी गामिनी

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। चीतों के पुनर्वास अभियान को बड़ी सफलता मिली है। 25 माह की भारतीय मूल की मादा चीता गामिनी' ने खुले जंगल में चार शावकों को जन्म दिया है।

यह घटना न सिर्फ कूनो बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। साल 2022 में शुरू हुए चीता पुनर्वास परियोजना के बाद यह पहली बार है, जब किसी मादा चीता ने जंगल वातावरण में सफलतापूर्वक शावकों को जन्म दिया है। खास बात यह है कि 'गामिनी' भारतीय मूल की मादा चीता है, जिससे यह उपलब्धि और भी ऐतिहासिक बन जाती है। वन विभाग के अनुसार गामिनी पिछले एक साल से अधिक समय से खुले जंगल में रह रही थी और उसने पूरी तरह परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढाल लिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य को जान से मारने की धमकी मामले में केस दर्ज

**वाराणसी।** ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को जान से मारने की धमकी मिलने के मामले में भेलूपुर थाने में शनिवार को अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(4) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। धमकी देने वाले ने ऑडियो मैसेज के माध्यम से कहा था कि शंकराचार्य को अतीक अहमद की तरह मार दिया जाएगा और उनका समय नजदीक आ गया है। शंकराचार्य को धमकी दिए जाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जांच के दौरान धमकी भेजने वाले मोबाइल नंबर की भी पहचान की जा रही है।

### अधिवक्ता की मौत के मामले में एसडीएम निलंबित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र में अधिवक्ता विजेंद्र सिंह की मृत्यु के मामले में शासन ने बरहज के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) विपिन कुमार द्विवेदी को निलंबित कर राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया है। इसके साथ ही विभागीय जांच के आदेश जारी किए गए हैं।

### कर्नल सोनम वांगचुक के सम्मान में स्मारक बनेगा

**श्रीनगर।** केंद्र शासित लद्दाख प्रदेश प्रशासन महावीर चक्र विजेता और 'लद्दाख के शेर' के नाम से मशहूर कर्नल सोनम वांगचुक (सेवानिवृत्त) के सम्मान में लेह में एक स्मारक स्थापित करेगा। लद्दाख के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने कहा कि परिवार, सेना और प्रतिनिधियों के परामर्श से लेह में स्मारक का निर्माण होगा। उद्देश्य उनके साहस, नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण की विरासत को अमर करना है।

# शहरों में गिरते मतदान प्रतिशत से बढ़ी चिंता

## एसआईआर में बीजेपी के कब्जे वाली सीटों पर सबसे ज्यादा वोट कटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सत्तारूढ़ दल के लिए चुनौती, तो विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा भाजपा को 16 सीटों पर एक लाख से ज्यादा का नुकसान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में नए चुनावी रुझानों ने हलचल तेज कर दी है। ताजा सर्वे विश्लेषण में सामने आया है कि जिन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है, वहीं सबसे ज्यादा वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। यह संकेत न सिर्फ सत्तारूढ़ दल के लिए चेतावनी है, बल्कि विपक्ष के लिए अवसर भी बनता दिख रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक, 16 सीटों पर भाजपा को 1 लाख से अधिक वोटों का नुकसान हुआ है, जबकि 21 सीटों पर 80 हजार से ज्यादा वोट घटे हैं। इसके अलावा 82 सीटों पर 50 हजार से अधिक और 159 सीटों पर 30 से 50 हजार के बीच वोटों में गिरावट दर्ज की गई है। खास बात यह है कि इनमें अधिकांश सीटें वही हैं, जहां 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मजबूत बढ़त हासिल की थी। विश्लेषण में यह तथ्य उभरकर सामने आया है कि वोटों में गिरावट का सबसे ज्यादा असर शहरी इलाकों में देखने को मिला है। लखनऊ, कानपुर, नोएडा जैसे शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं का झुकाव बदला है, जबकि ग्रामीण इलाकों में भाजपा का आधार अपेक्षाकृत स्थिर बना हुआ है। इसे शहरी मतदाताओं की अपेक्षाओं, स्थानीय मुद्दों और संगठनात्मक सक्रियता में कमी से जोड़कर देखा जा रहा है।

इस बदलते ट्रेंड ने समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों को नया सियासी नैरेटिव दे दिया है। सपा को करीब 55 सीटों पर लाभ की संभावना जताई जा रही है, जबकि कई सीटों पर मुकाबला कड़ा होने के संकेत हैं। विपक्ष इसे जन असंतोष के तौर पर पेश कर रहा है। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि यह गिरावट सीधे तौर पर सत्ता परिवर्तन का संकेत नहीं है, लेकिन भाजपा के लिए यह एक स्पष्ट चेतावनी जरूर है। खासकर उन सीटों पर, जहां जीत का अंतर कम था, वहां यह गिरावट भविष्य में जोखिम बढ़ा सकती है।

आगामी चुनावों को देखते हुए भाजपा को शहरी क्षेत्रों में संगठन को और मजबूत करने, स्थानीय मुद्दों पर फोकस बढ़ाने और मतदाताओं से सीधा संवाद बढ़ाने की जरूरत होगी। विपक्ष इस मौके को भुनाने की कोशिश में जुट गया है। कुल मिलाकर यह ट्रेंड उत्तर प्रदेश की राजनीति में साइलेंट शिफ्ट का संकेत दे रहा है-जहां मुकाबला पहले से ज्यादा दिलचस्प और कांटे का होता नजर आ रहा है। एसआईआर को लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रक्रिया है, जो निर्वाचन आयोग की तरफ से की जाती है। कहां वोट कम हुए कहां ज्यादा हुए इसको लेकर पार्टी अपने हिंसाब से मंथन करेगी। देश की जनता आज भी भाजपा सरकार की नीतियों में विश्वास करती है और आगे भी करती रहेगी।

# सपा सरकार में जगहों के नाम बदले गए

शाह टाइम्स ब्यूरो



महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर मायावती का संदेश, सपा सरकार पर बोला हमला, बसपा सरकार के किए गए नामकरण को सपा सरकार ने बदला: मायावती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सामाजिक न्याय और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया।

इस अवसर पर उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए पूर्व में किए गए नामकरणों को बदलने का आरोप लगाया। सुश्री मायावती ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया में कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अति-पिछड़े, दलित और वंचित समाज के उत्थान को ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में क्रांतिकारी पहल की, जिसमें उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का योगदान भी अतुलनीय रहा। उन्होंने फुले के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के अभाव में समाज का बौद्धिक, नैतिक और आर्थिक विकास बाधित होता है। मायावती ने यह भी कहा कि भीम राव अंबेडकर ने भी फुले के विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का मुख्य आधार बनाया। बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि उनकी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में कई जिलों का नामकरण महापुरुषों के सम्मान में किया गया था। उन्होंने कहा कि अमरोहा का नाम बदलकर ज्योतिबा फुले नगर रखा गया था, लेकिन बाद में सपा सरकार ने इसे बदल दिया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार ने कासगंज, संभल, शामली और हापुड़ जैसे जिलों का नाम भी महापुरुषों के नाम पर रखा था, जिन्हें बाद में बदल दिया गया। यह कदम संकीर्ण राजनीति और जातिवादी सोच का परिचायक है। महात्मा फुले के प्रयासों से न केवल महाराष्ट्र बल्कि पूरे देश में सामाजिक परिवर्तन की नई चेतना जागृत हुई। उनके द्वारा शुरू किए गए महिला शिक्षा और सामाजिक सुधार के कार्य आज भी प्रेरणादायक हैं।

# फैशन टीवी के नाम पर पांच सौ करोड़ ठगे

लखनऊ, वार्ता

**देश के पीड़ित व्यापारियों ने लगाया आरोप**

उत्तर प्रदेश की राजधानी के गोमती होटल में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में देश भर से पहुंचे पीड़ित व्यापारियों ने कथित तौर पर फैशन टीवी के नाम पर चल रहे 500 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े घोटाले का खुलासा किया।

पीड़ितों का दावा है कि इस फर्जी निवेश योजना में 200 से ज्यादा कारोबारी ठगी का शिकार हुए हैं, जिनमें से कई कर्ज में डूब कर आर्थिक रूप से तबाह हो चुके हैं। लखनऊ के मनोज अग्रवाल, दिल्ली के विकास बंसल और मुंबई के राजेश तलवानी सहित कई व्यापारियों ने अपनी आपबीती साझा की। उनका आरोप है कि यह एक सुनियोजित और लंबे समय से चल रहा आर्थिक अपराध है, जिसमें लोगों को एक साल में 80 प्रतिशत तक मुनाफे का लालच देकर फंसाया गया। पीड़ितों के मुताबिक कंपनी के प्रतिनिधि सोशल मीडिया के जरिए बड़े पैमाने पर प्रचार करते थे और निवेश पर भारी रिटर्न का भरोसा दिलाते थे। शुरुआत में भरोसा जीतने के बाद फर्जी दस्तावेजों के जरिए करोड़ों रुपये वसूले जाते थे। दिल्ली से आए विकास बंसल ने कहा कि इस घोटाले ने सैकड़ों परिवारों को बर्बाद कर दिया। कई लोगों ने अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगा दी, जबकि कुछ ने कर्ज लेकर निवेश किया। अब वे आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुके हैं। मुंबई के कारोबारी राजेश तलवानी ने भावुक होते हुए बताया कि उन्होंने करीब 12 साल पहले 3 करोड़ रुपये निवेश किए थे।

## ज्योतिबा फुले व सांगा की जयंती से एक दिन पहले योगी का ऐलान

# थारू समाज पर दर्ज केस वापस लेगी सरकार

लखीमपुर खीरी, वार्ता



■ पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सपा के शासनकाल में थारू समाज पर दर्ज मुकदमों को उनकी सरकार वापस लेगी।

महात्मा ज्योतिबा फुले व महाराणा सांगा के जन्मदिवस के एक दिन पहले मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में माफिया पालने वाली पेशेवर अपराधियों की सरकार महाराणा प्रताप व महाराणा सांगा के वंशजों पर अत्याचार और झूठे मुकदमे दर्ज करती थी। संघर्ष करने वाले थारू समाज के जिन लोगों पर सपा सरकार ने मुकदमे दर्ज किए थे, हमारी सरकार उन सारे मुकदमों को वापस लेगी। उन्होंने कहा कि अब आप पर कोई अत्याचार नहीं कर पाएगा, क्योंकि डबल इंजन सरकार साथ खड़ी है और आपके संघर्ष को सम्मान दे रही है। उन्होंने कहा कि माफिया बनने का प्रयास करने वाले मिट्टी में मिलने की तैयारी भी कर लें। सरकार किसी माफिया को पनपने, गरीबों का हक छीनने और नौजवानों की नौकरी पर डकैती नहीं डालने देगी। मुख्यमंत्री ने चंदन चौकी (पलिया) में आयोजित कार्यक्रम में नदियों द्वारा भूमि क्षरण से प्रभावित पूर्वी उत्तर प्रदेश के 2350 परिवारों व थारू जनजाति के 4356 परिवारों को भौमिक अधिकार पट्टों का आवंटन किया और पलिया, श्रीनगर, निघासन व गोला गोकर्णनाथ विधानसभा क्षेत्रों की 817 करोड़ रुपये की 314 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। उन्होंने कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति देखी और उनकी सराहना भी की और कहा कि सच्चा शासन वही है, जहां प्रजा सुखी हो। शासन की खुशी का आधार व्यक्तिगत अभिलाषा का पूर्ण होना नहीं, बल्कि जनता-जनार्दन की खुशी है। यह कार्य तभी होता है, जब सत्ता में संवेदना होती है और सेवा के माध्यम से यह जनता-जनार्दन तक पहुंचती है।

### भूमिधरी अधिकार पत्र ने इतिहास की अधूरी तमन्ना को किया पूरा: योगी

**लखीमपुर खीरी।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बांग्लादेश से विस्थापित विभिन्न हिंदू परिवारों को संक्रमणीय एवं असंक्रमणीय भूमिधरी अधिकार पत्र वितरित करते हुए कहा कि यह केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि न्याय का वह क्षण है, जिसने इतिहास की अधूरी तमन्ना को पूरा किया है। भारतीय परंपरा में धर्म की व्याख्या परहित सरिस धरम नहि भाई के रूप में की गई है और इसी भावना के साथ डबल इंजन सरकार पिछले नौ वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास में पहली बार थारू समुदाय, जो महाराणा प्रताप को अपना पूर्वज मानता है, उसे भूमि अधिकार उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वर्तमान वंशजों को भी अधिकार पत्र दिए गए हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 74616.58
निफ्टी 23123.65



सोना 15299
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 239934
प्रति किलो



# सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में हमीरपुर अव्वल, बरेली द्वितीय

## रामपुर तीसरे व मैनपुरी चौथे स्थान पर रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर यूपी मजबूती से अग्रसर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीएम डैशबोर्ड की मार्च माह की जारी रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है जबकि बरेली दूसरे और रामपुर तीसरे स्थान पर रहे।

यह रैंकिंग जिलों के विकास कार्यों, राजस्व प्रबंधन और कानून-व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण मानकों के आधार पर तैयार की गई है। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की नियमित समीक्षा की जाती है। इसमें जनसुनवाई, राजस्व कार्य, विकास योजनाएं और कानून-व्यवस्था जैसे अहम पहलुओं को शामिल किया जाता है। इसके आधार पर हर माह जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है, जिससे प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होती है। रिपोर्ट के अनुसार, मैनपुरी ने चौथा और हरदोई ने पांचवां स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप-10 जिलों में शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, जालौन, सोनभद्र और कौशांबी ने भी जगह बनाई है। रामपुर के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के अनुसार, जिले में विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जा रहा है, जिसका परिणाम लगातार बेहतर रैंकिंग के रूप में सामने आ रहा है। सीएम डैशबोर्ड की सतत निगरानी से प्रदेश में प्रशासनिक जवाबदेही बढ़ी है और विकास कार्यों में तेजी आई है, जिससे उत्तम प्रदेश के लक्ष्य की ओर उत्तर प्रदेश मजबूती से अग्रसर है।

# सोना और चांदी की कीमतों में आई तेजी

**नई दिल्ली।** शनिवार को सोने की कीमतों में फिर से तेजी देखी गई। मिडिल ईस्ट में तनाव, मजबूत वैश्विक मांग और कमजोर डॉलर के चलते सोने की कीमतें दोबारा बढ़ती नजर आ रही हैं। आज लगातार दूसरे दिन सोने की कीमतों में उछाल आया और यह लगातार तीसरे हफ्ते बढ़त की ओर बढ़ रहा है।

भारत में सोने की कीमत बढ़ने की एक और वजह अक्षय तृतीया (जो 19 अप्रैल को पड़ता है) है, जिसमें सोने की खरीदारी का चलन है। एमसीएक्स पर आज 24 कैरेट सोने का भाव दिल्ली में 15,299 रुपये है, जबकि मुंबई में 15,284 रुपये, कोलकाता में 15,284 रुपये और चेन्नई में 15,382 रुपये है। चांदी की कीमत आज 2,39,934 प्रति किलोग्राम है। रिटेल लेवल पर तनिष्क, कल्याण ज्वेलर्स, मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स जैसे प्रमुख ज्वैलर्स आज 22 कैरेट सोने की कीमत 13,965 रुपये से 14,065 रुपये प्रति ग्राम के बीच बता रहे हैं।

आज के सोने के रेट और शोरूम की कीमतों के बीच यह अंतर इन्वेंट्री लागत, स्थानीय मूल्य निर्धारण रणनीतियों और परिचालन कारकों के कारण है, भले ही भारत में सोने का नवीनतम रेट मोटे तौर पर एक जैसा ही रहता है। ऊपर दी गई कीमतों में 3 परसेंट जीएसटी और मेकिंग चार्जेस शामिल नहीं हैं।

# चावल, गेहूं के भाव गिरे, चीनी मजबूत, दालों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल का औसत भाव घट गया। गेहूं में भी नरमी रही जबकि चीनी में तेजी देखी गई। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 97 रुपये टूटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। गेहूं दो रुपये सस्ता हुआ और 2,770 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत 15 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मिश्रित रुख देखा गया। मूंग दाल की औसत कीमत 32 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। तुअर दाल 35 रुपये और चना दाल 20 रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल की कीमत 19 रुपये और मसूर दाल की नौ रुपये प्रति क्विंटल घट गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 141 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल की औसत कीमत 120 रुपये और पाम ऑयल की 85 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल में 52 और सरसों तेल में 32 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वनस्पति 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव आठ रुपये प्रति क्विंटल बढ़। चीनी भी 28 रुपये महंगी हुई। दाल चना 7666.84 रुपये, मसूर काली 8055.01 रुपये, मूंग दाल 10183.61 रुपये, उड़द दाल 10801.14 रुपये, तुअर दाल 11227.68 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2769.81 रुपये और चावल 3759.41 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंञ्च 3277.88 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4328.72 रुपये और गुड़ 4998.30 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17881.67 रुपये, मूंगफली तेल 19000.95 रुपये, सूरजमुखी तेल 17507.82 रुपये, सोया तेल 14838.54 रुपये, पाम ऑयल 13531.46 रुपये और वनस्पति 14798.33 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# सीएम योगी नकली संत: सपा

## इस बार पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा : अखिलेश

जयपुर, वार्ता




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने सीएम योगी को नकली संत करार देते हुए कहा कि इस बार उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में पीडीए भाजपा का शुद्धिकरण कर देगा। अखिलेश यादव ने शनिवार को जयपुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यूपी में एक नकली संत है, जो दूसरों से सर्टिफिकेट मांग रहे थे, उनके पास अपना ही सर्टिफिकेट नहीं है।

उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ दावा करते हैं कि वो सुबह 3:30 बजे उठते हैं, लेकिन जब उन्हें योग करने का मौका मिला, तो वो डगमगाने लगे। अभी कुछ दिन पहले ही सीएम योगी जापान गए थे। जैसे ही वहां की बुलेट ट्रेन 500 किलोमीटर की रफ्तार से ऊपर हुई, तो वो ताली बजाने लगे। कभी उन्हें क्रिकेट खेलते हुए देखना, तीन टप्पे खाने के बाद भी बल्ला हवा में घूमाते रहते हैं, कभी उन्हें बास्केटबाल खेलते हुए देखोगे, तो पाओगे कि वो बुलडोजर पर चढ़कर आएंगे और अपनी बाल को बास्केट में डाल देंगे। अखिलेश यादव ने शंकराचार्य को मिली जान से मारने की धमकी के सवाल पर कहा कि शंकराचार्य के विचार बहुत महत्वपूर्ण हैं। वो यूपी में कई नकली संतों का मुकाबला कर रहे हैं। उनकी बहादुरी को उनके साहस को हम बधाई देते हैं। पीडीए के लोग हमेशा शंकराचार्य का सम्मान करते थे और करते रहेंगे। अखिलेश यादव ने यूपी में एसआईआर को लेकर कहा कि भारतीय जनता पार्टी शुद्धिकरण कभी महसूस नहीं कर सकती है। भाजपा के लोग जनता को इशारा कर रहे हैं कि हम आपको तभी वोट डालने देंगे, जब आपका शुद्धिकरण कर देंगे।

# 2027 विस चुनाव के लिए रणनीति बदलने पर मजबूर हुए राजनीतिक दल


शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में 166 दिनों के 'स्पेशल इंटेंसिव रिविजन' (एसआईआर) अभियान के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची में दो करोड़ से ज्यादा नाम डिलीट किए गए हैं।

निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया से न सिर्फ वोटरों की सूची में व्यापक बदलाव हुआ है, बल्कि राजनीतिक पार्टियों को 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए अपनी रणनीति बदलने को मजबूर कर दिया है। एसआईआर की प्रक्रिया पर भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में कड़ी नजर रखी। इन पार्टियों ने अपने कार्यकर्ताओं को न केवल वोटरों को शहरी इलाकों से गांवों की ओर न जाने के लिए मनाने के काम में लगाया, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया कि ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से नाम काटे जाने के बाद नए वोटरों के नाम भी दर्ज किए जाएं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि यूपी में चलाई गई एसआईआर की पूरी प्रक्रिया गैरकानूनी, लोकतंत्र के साथ धोखा और जनता के मताधिकार का सीधा हनन है। पार्टी वर्तमान मतदाता सूची को बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने मांग की कि चुनाव से पहले व्यापक जांच कर सभी 18 वर्ष पूरा कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं। अगर केंद्रीय चुनाव आयोग यह काम करने में असमर्थ है तो नगर निकायों और ग्राम पंचायतों की मतदाता सूची को ही विधानसभा चुनाव के लिए इस्तेमाल किया जाए। दरअसल, 27 अक्टूबर, 2025 से 10 अप्रैल के बीच, वोटर लिस्ट में न सिर्फ शहरी इलाकों जिनमें लखनऊ, गाजियाबाद, कानपुर नगर, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ, आगरा और प्रयागराज शामिल हैं बल्कि ज्यादा ग्रामीण आबादी वाले जलिों: कन्नौज, बलरामपुर, बदायूं, बहराइच, फर्रुखाबाद, सोनभद्र और इटावा में भी वोटरों के नाम हटाए गए। राज्य के शहरी इलाकों को भारतीय जनता पार्टी द्धभाजपाञ्च का गढ़ माना जाता है, और इन इलाकों ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, जिससे विपक्षी समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के जनाधार को नुकसान पहुंचा था। 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में, भाजपा ने लखनऊ, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, मेरठ और प्रयागराज में सबसे ज्यादा सीटें जीती थीं।

# कांग्रेस ने केंद्र की विदेश नीति पर उठाए सवाल



**नई दिल्ली।** शनिवार को इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की आहट के बीच कांग्रेस पार्टी ने शांति की संभावनाओं पर सावधानी भरी उम्मीद जताई है। साथ ही पार्टी ने केंद्र सरकार की विदेश नीति पर तीखा हमला करते हुए तेजी से बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत की रणनीतिक स्थिति पर 'गंभीर सवाल' उठाए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि इस बैठक से भारत सहित वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद जगी है कि यह अमेरिका-ईरान के बीच 'टिकाऊ शांति प्रक्रिया की शुरुआत' हो सकती है। रमेश ने इस अवसर का उपयोग सरकार के राजनयिक दृष्टिकोण में विसंगतियों और चूके अवसरों पर सवाल उठाने के लिए किया और पीएम मोदी व उनकी संपर्क रणनीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने मेजबान के रूप में पाकिस्तान की भूमिका पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने सवाल किया कि अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले में कथित संलिप्तता और उसे अलग-थलग करने के भारत के राजनयिक प्रयासों के बावजूद इस्लामाबाद नई भूमिका गढ़ने' में कैसे कामयाब रहा। उन्होंने वर्तमान स्थिति की तुलना 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद के समय से की और कहा कि तब पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने 'पाकिस्तान को बहुत प्रभावी ढंग से अलग-थलग कर दिया था'।

# योगी के आगमन से पहले शहर पर चढ़ा भगवा रंग

## मंत्री कपिल देव ने झोंकी ताकत, सरकारी महकमे तैयारियों को पूरा करने में जुटे, अंतिम कार्यक्रम आज होगा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के मंत्री जयंत चौधरी 13 अप्रैल को मुजफ्फरनगर आ रहे हैं जिसको लेकर भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को खुश करने के लिए मुजफ्फरनगर प्रशासन ने उन सभी स्थान को भगवा रंग से रंगवा दिया है जहां से मुख्यमंत्री को होकर गुजरना है। पुलिस लाइन से लेकर देवी अहिल्याबाई चौक तथा देवी अहिल्याबाई चौक से नुमाइश पंडाल तक का पूरा मार्ग अब नया दिखाई दे रहा है पहले इस मार्ग पर अनगिनत गड्डे थे तथा पिछले 6 महीना से लोगों के खाने के बावजूद यह गड्डे भर नहीं गए थे अब रात में ही पूरी सड़क बनकर तैयार कर दी गई है देवी अहिल्याबाई चौक का नजारा तो लोगों की आशाओं से अलग ही दिखाई दे रहा है अब यह अच्छा चौराहा नए ही रंग और नहीं ही प्रकाश से जगमग है शहर का यह भीड़भाड़ वाला चौराहा अब खुला खुला दिखाई दे रहा है तथा लोग कह रहे हैं कि यदि पुलिस चौकी और बीच का डिवाइड पहले ही हटवा दिया गया होता तो देवी अहिल्याबाई स्मारक के लिए और ज्यादा जगह मिल जाति तथा सड़क भी लोगों को चलने फिरने के लिए ज्यादा मिलती लेकिन देर आए तो रास्ता है अब इस चौराहे पर रोजाना लगने वाले जाम की समस्या काफी हद तक हल हो जाएगी।

इस चौराहे पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अभी असमंजस के दौर में है राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल तथा भाजपा नेतृत्व पूरा जोड़ लग रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कर कमल से यहीं आकर देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा का लोकार्पण करें तथा पिछले 32 वर्षों से पार्टी की निरंतर सेवा करते हुए कैंसर रोग का शिकार बने जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजेंद्र पाल के आवास पर जाकर उनके परिवार की की हिम्मत बढ़ाए। मुख्यमंत्री का अधिकृत कार्यक्रम जारी न होने के कारण अभी इन दोनों स्थानों पर मुख्यमंत्री के आने को लेकर असमंजस बना हुआ है हालांकि विदेश प्रवास से लौटी अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और उनके पति गौरव स्वरूप ने आज पालिका टीम के साथ इन दोनों ही क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा सभी तैयारियां को समय से पूरा करने के सख्त निर्देश में दिए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कोई भी तैयारी जिला प्रशासन अधूरी नहीं छोड़ना चाहता इसीलिए रात दिन लगातार काम चल रहा है।

नुमाइश मैदान में लगने वाले रोजगार मेले का लाभ जिले के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में मिले इसके लिए भी दोनों पार्टियों के नेता प्रयासरत हैं राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिक से अधिक युवाओं से रजिस्ट्रेशन करने की अपील की है ताकि उन्हें देश और विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार दिलाया जा सके।

पूरा नगर मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए तैयार हो चुका है यात्रा मार्ग के होर्डिंग्स और यूनिफॉर्म पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के स्वागत हेतु अपनी अपनी फोटो वाले फ्लेक्स लगवा दिए हैं।

भाजपा कार्यकर्ताओं में यह भी चर्चा है कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान की क्या भूमिका होगी वह कार्यक्रम में आएंगे या नहीं क्योंकि मेरठ मैं अभी हाल ही में महाराजा सूरजमल की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है ऐसे में उन्होंने कार्यकर्ताओं को उचित जवाब देने के लिए आज अपने आवास पर अपने समर्थकों के साथ लंबी चर्चा की तथा तय किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को और भव्य बनाया जाएगा।

## श्री राम पोटाश फैक्ट्री पर जीएसटी का छापा

**मुजफ्फरनगर।** सीएम योगी के आगमन की जहां पूरी तरह तैयारियां चल रही है वहीं जीएसटी विभाग भी सख्त नजर आ रहा है। जीएसटी के अधिकारियों ने जानसठ रोड स्थित श्री राम पोटाश फैक्ट्री पर छापा मारा। यह कार्यवाही शुक्रवार को शुरू हुई थी और करीब पन्द्रह घंटे से अधिक कार्यवाही चलती रही। इस समय विभाग की पूरी टीम दस्तावेज चैक करती रही। टीम फैक्ट्री परिसर में लेनदेन का भी बारिकी से परिक्षण करती रही। सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान फैक्ट्री के वित्तीय रिकॉर्ड में कई अनियमितताएं पाई गई है। इस छापे के दौरान एक भारी रकम जमा कराने के भी चर्चाए है। जांच के दौरान अधिकारियों ने फैक्ट्री के स्टार्ट, खरीद व बिक्री के दस्तावेज, ई-वे बिल और जीएसटी रिटर्न का आपस में मिलान किया। टीम ने फैक्ट्री के प्रबंधन से भी पूछताछ की और यहां से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने कब्जे में लिए। बताया जाता है कि यह फैक्ट्री खाद उत्पादन इकाईयों में गिनी जाती है।

## फैक्ट्री में ड्यूटी पर जाते युवक को कार ने कुचला, मौत

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र के समीपवर्ती गांव कच्छौली निवासी हर्ष पुंडीर पुत्र देवेन्द्र उर्फ बबली रोहाना स्थित आईपीएल फैक्ट्री में नौकरी करता था। शनिवार की सवेरे करीब साढ़े पांच बजे हर्ष पुण्डीर बाइक द्वारा ड्यूटी पर जा रहा था जैसे ही वह मलिरा के निकट पहुंचा तो अचानक तेज गति से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक हुई कि बाइक के परखच्चे उड गए और आशु की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# लेखपाल सहित दो लोग ठगी में जेल भेजे

## फर्जी कागजात तैयार कर लेखपाल ने पीड़ित खरीदार को सौंपे थे, लाखों की हुई थी ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** तितावी पुलिस ने बेनामा कराने के नाम हेराफेरी और रूपयों की ठगी के मामले में लेखपाल सहित दो लोगों को जेल भेज दिया है। तीन अप्रैल को नन्द किशोर पुण्डीर पुत्र स्व. अमी सिंह निवासी ग्राम महावतपुर जनपद शामली ने तितावी थाने में तहरीर देकर बताया था कि उसकी रिश्तेदारी ग्राम लखान में है। और आरोपी तरूण कुमार पुत्र श्री मोहन से उसकी पहचान थी। तरूण ने अपनी मजबूरी बताकर गांव के लेख सिंह आदि के समक्ष अपनी जमीन बेचने की बात कही जहां मैने एक जुलाई 2022 को तरूण की जमीन देखी और पांच जुलाई 2022 को तरूण जमीन के कागजात के साथ लेखपाल तेजस्वी अशोक सिंह व नरेन्द्र रोनी हरजीपुर थाना चरथावल भी साथ लाया। इस समय लेखपाल तेजस्वी ने जमीन के उक्त कागजों को सही बताया जहां दाखिल खारिज और कब्जा दिलाने की समस्त जिम्मेदारी भी ली। आठ जुलाई 2022 को तरूण आदि ने 4.70 लाख रूपये प्रति बिघा के हिसाब से जमीन का रेट तय किया और आठ लाख रूपये का चेक व आईएमपीएस तथा दस लाख रूपये 50 हजार रूपये नगद दिए और इसमे गवाह तरूण और लेखपाल तेजस्वी के मित्र पूरन सिंह, राहुल आदि बने। दूसरे बैनामा 2.50 लाख और 7.05 लाख रूपये का चैक रणधीर पंकज के समक्ष दिए। और लेखपाल तेजस्वी से दाखिल खारिज व जमीन नपाई की बात कही तो उसने नपाई की बात को टाल दिया। और 29 जनवरी 2023 को लेखपाल तेजस्वी ने खरीदी गई जमीन के दो हिस्से प्रमाण पत्र और अपनी मोहर लगाकर हस्ताक्षर करके दे दिए थे। इसके बाद यह लोग बहाने बनाने लगे। एक सितम्बर 2025 को धमकी दी गई। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। अब पुलिस ने लेखपाल तेजस्वी निवासी रोनी हरजीपुर और तरूण पुत्र मोहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लेखपाल की काली करतूत का मामला कोई पहली घटना नहीं है इससे पहले भी आधा क्षेत्र व अन्य क्षेत्रों में इस तरह के मामले सामने आए है।



मुजफ्फरनगर: सीएम के आगमन की तैयारियों का जायजा लेती चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप।



मुजफ्फरनगर: उद्घाटन करते जाकिर अली राणा व सपा नेता।

## एनडी पब्लिक स्कूल मदीना कॉलौनी की हुई इब्तिदा

**मुजफ्फरनगर।** एनड़ी पब्लिक स्कूल मदीना कॉलोनी मुज़फ्फरनगर की इब्दता की गई इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि माइनॉरिटी स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के पैटर्न राणा ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्री के चेयरमैन जाकिर अली राणा, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, पार्टी के महानगर अध्यक्ष बॉबी त्यागी ने मिलकर फीता काटकर स्कूल का इनॉगरेशन किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि सदरे मोहतरम जफरयाब खान व असद पाशा रहे प्रोग्राम उम आस पास के काफी तादात में अभिभावक व मिलने वाले लोग उपस्थित रहे। इब्तदा की शुरुआत मौलाना साहब की तिलावते कुरान से हुई तत्पश्चात मौलाना ने स्कूल के हक़ में दुआ कराई। प्रोग्राम में संचालन असद पाशा ने किया। जफरयाब खान ने संचालक को बधाई दी। ज़ाकिर अली राणा ने बधाई देते हुए अपने दुआओ से स्कूल संचालको को नवाज़ा और शिक्षा के साथ साथ स्पोर्ट्स व अन्य एक्टिविटी कराने का मशवरा दिया, इस अवसर पर सपा के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा व बॉबी त्यागी ने बधाई के साथ-साथ बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की बात कही। उनका सर्वांगिक विकास हेतु शिक्षा देने का काम करे अंत में स्कूल प्रधानाचार्य शाने आलम ने सभी मेहमानो व उपस्थित लोगो का शुक्रिया अदा किया।

आवश्यकता है
जामिया इस्लामिया अरबिया मुरादिया स्कूल, चरथावल रोड
(English Medium - कक्षा 1 से 5 तक)
विद्यालय हेतु एक योग्य एवं अनुभवी प्रधानाचार्य (Principal) तथा प्रशिक्षित अध्यापकों (Teachers) की आवश्यकता है।
प्रधानाचार्य के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (शिक्षा में वरीयता) B.Ed
अध्यापक के लिए योग्यता: स्नातक/स्नातकोत्तर (संबंधित विषय में) B.Ed/BTC
आकर्षक वेतन (योग्यता एवं अनुभव के अनुसार), अनुशासित एवं शैक्षणिक वातावरण
प्रवेश संबंधित सूचना: प्रवेश प्रारंभ (Admissions Open)
मासिक शुल्क: 50 रु. मात्र, प्रवेश निःशुल्क (Free Admission)
स्थान: चरथावल रोड। इच्छुक अभ्यर्थी अपना Resume शीघ्र भेजें या संपर्क करें।
M.: 9368215210

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी कीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792 +91 9412507193
DIR.- LOKESH CHAUHAN M.Sc (Phy.), B.Ed.

# बहनोई ने डलवाई थी पीनना के रवि के घर डकैती

## गिरोह बनाकर बनाई प्लानिंग, पुलिस ने जेवर और घटना में प्रयुक्त कार की बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पिनना में रवि नामक युवक के घर हुई डकैती को जहां पुलिस ही नहीं कुछ लोग संदिग्ध मानकर चल रहे थे उस डकैती का खुलासा हो गया है। पुलिस ने खुलासे के दौरान करीब सात लोगों को गिरफ्तार किया इसमें गंभीर बात यह है कि कहते है कि घर का भेदी लंका डाये और यहां भी वहीं हुआ। बहनोई ने ही अपने साले के घर में डकैती की योजना बनाई और एक गिरोह को तैयार कर वारदात करा दी। फिलहाल अब सब आरोपी जेल पहुंच चुके है।

कोतवाली पुलिस की माने तो सात अप्रैल 2026 को ग्राम पिनना निवासी रवि कुमार पुत्र स्व. मांगेराम ने कोतवाली में एक तहरीर दी थी जिसमें बताया था कि चार अप्रैल को अज्ञात बदमाशों ने घर से लाखों के जेवर लूट लिए है। पुलिस ने इस मामले को धारा 305क बीएनएस के तहत दर्ज कर लिया था।

बताया जाता है कि घटना के बाद पुलिस इस मामले को जहां सदिग्ध मान रही थी तो वहीं कई पहलुओं पर जांच भी शुरू कर दी थी। और डकैती की इस वारदात को चोरी में दर्ज किया गया था। जांच के दौरान पुलिस को यह भी संदेह हो गया था कि घर में गडा जेवर या कोई धन नजदिकी आदमी को ही इसकी जानकारी होती है।

पुलिस ने इस पर भी काम शुरू किया और अंकित पुत्र सुदेश पाल निवासी ग्राम तुगाना बागपत, अर्जुन चौधरी पुत्र धर्मेन्द्र चौधरी यारपुर थानाभवन, आकाश कुमार पुत्र प्रदीप कुमार ज्ञाना माजरा चरथावल को गिरफ्तार किया और इनके कब्जे से जेवर, घटना में प्रयुक्त कार बरामद की। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने अपने साथी गौरव पुत्र पप्पू, विपिन पुत्र विनोद, अनुज पुत्र तेजपाल निवासी केडी बाबरी व दीपक पुत्र केलाशचंद गांव कादरगढ थाना भवन के साथ मिलकर डकैती की वारदात की। पुलिस ने सभी लोगों को गिरफ्तार किया जहां अंकित, अर्जुन व आकाश ने बताया कि वह लाल्ला उर्फ रूपक के साथी है और अनुज, तेजपाल व गौरव विपिन ने मिलकर रूपक उर्फ लाल्ला व उसके पिता दीपक कुमार ने रवि घर में डकैती की योजना बनाई थी।

इसमें मुख्य भूमिका रवि के साले अनुज की रही। और देहरादून से एक स्विफ्ट कार किराये पर लेकर उस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाई और घटना के दिन पूरे परिवार को बंधक बनाकर जमीन में गढ़े जेवर को निकाल लिया था। फिलहाल पुलिस ने सभी जेवर बरामद कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## अधिवक्ता ने सिपाही पर लगाए गंभीर आरोप

**कोतवाली पुलिस व एसएसपी को दी तहरीर, कार्रवाई की मांग**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अधिवक्ता ने सिपाही अरविंद पर गंभीर आरोप लगाते हुए शहर कोतवाली पुलिस को कार्यवाहीके लिए एक तहरीर दी है। अधिवक्ता ने इस घटना की जानकारी एसएसपी और एसपी सिटी को भी देते हुए न्याय मांगा है। आरोप है कि सिपाही ने घर में घुसते ही भद्दी-भद्दी गालियां दी और विरोध करने पर मारपीट भी की गई है।

अधिवक्ता दिल नवाज ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नाम एक तहरीर देते हुए बताया कि दस अप्रैल की रात आठ बजे सिपाही अरविंद कुमार जबरदस्ती बिना सर्च वारंट के उनके घर में घुस आए और पूछे जाने पर उनके साथ अपशब्द से बात की, मारपीट का भी आरोप लगाया गया है। पीडित ने बताया कि सिपाही की हरकत सीसीटीवी कैमरे की फुटेच में रिकॉर्ड है। पीड़ित ने एसएसपी, एसपी सिटी को भी इस मामले से अवगत कराते हुए सिपाही के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। अधिवक्ता दिलनवाज का कहना है कि सिपाही अरविंद ने घर में घुसकर भद्दी-भद्दी गालियां दी और कहा कि वह किसी के भी घर में घुस सकता है।

ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

किसान आई हॉस्पिटल
डॉ. गालिब हसन
M.B.B.S., D.O., M.S.
फीस 100/- रूपये मात्र
नेत्र रोग विशेषज्ञ व फेको सर्जन
(भूतपूर्व नेत्र सर्जन नेहरू हॉस्पिटल, टाउन हॉल, मुजफ्फरनगर)
M: 9897190592
सुविधाएं- मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि द्वारा विदेशी लैन्स के साथ, शुगर व बी.पी. के मरीजों की पर्दे की जाँच व इलाज, आँखों के समस्त ऑपरेशन सस्ते दामों पर किए जाते हैं।
हमारे यहाँ जॉनसन एण्ड जॉनसन और एल्कोन के लैंस उपलब्ध है।
Alcon
मोतियाबिन्द ऑपरेशन फेको विधि (लेजर) द्वारा विदेशी लैंस के साथ आधुनिक मशीनों द्वारा बिना इंजेक्शन, बिना दर्द और बिना टांके किया जाता हैं।
मोतियाबिन्द ऑपरेशन मात्र 7500/- से शुरू
पताः चरथावल-थानाभवन बस स्टैण्ड, मेन रोड, भारत पैट्रोल पम्प के सामने, मुजफ्फरनगर मो. 9045591662

# नन्दोई ने इद्दत में बैठी विवाहिता से किया रेप का प्रयास

## पति ने अप्राकृतिक कुकर्म में विफल होने पर दी थी तलाक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक पति ने अपनी पत्नि से अप्राकृतिक कुकर्म करने का पूरा प्रयास किया मगर वह पत्नि के विरोध के चलते अपने नापाक इरादे में सफल नहीं हो सका तो उसने अपनी पत्नि को तलाक दे दिया। जब पत्नि इद्दत में बैठी तो ननदोई ने विवाहिता को अकेला पाकर दुराचार करने का प्रयास किया तो असफल रहने पर ससुरालियों ने मारपीट कर घायल कर दिया। अब शिकायत हुई तो एसपी के निर्देश पर बुढाना महिला थाने ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी। मिली जानक. ारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने एसपी देहात को गत दिनों एक प्रार्थना पत्र देते हुए बताया था कि उसके पिता ने उसकी शादी करीब 2 वर्ष पूर्व फिरोज पुत्र शिकावत निवासी पानीपत हाल निवासी बंगाली मस्जिद अशोक विहार लोनी संग की थी। जिसमें उसके पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दहेज दिया था। फर्नीचर के सामान की एवज में 5 लाख रुपये दिये थे। शादी के बाद उसका पति फिरोज उसे परेशान कर आये दिन उसके संग मारपीट करने लगा। इसी बीच उसने एक पुत्री को जन्म दिया। पुत्री होने पर उसके पिता ने उसके ससुरालियों को काफी कीमती सामान दिया मगर पति फिरोज, सास रजिया, ननद सितारा पत्नी वसीम, ननदोई वसीम पुत्र सलीम उर्फ गूंगा निवासीगण बंगाली मस्जिद अशोक विहार लोनी उसे रोज मानसिक व शारीरिक नुकसान पहुंचाते रहे। उसका पति उसके साथ अप्राकृतिक रुप से शारीरिक संबंध बनाने लगा। उसके मना करने पर उसके संग मारपीट कर जबरदस्ती करता तथा उसे धमकी देता कि अगर तूने मेरे साथ अप्राकृतिक रूप से शारी. रिक संबंध नहीं बनाये तो मैं तुझे तलाक दे दूंगा। बीते 21 मार्च को वो उसके कमरे में आया और उसके साथ जबरदस्ती अप्राकृतिक रूप से संबंध बनाने की कोशिश करने लगा। उसने विरोध किया तो उसे तलाक दे दी। उसके बाद वो इद्दत में बैठ गयी। कुछ दिन बाद उसका ननदोई वसीम उसके कमरे में आया और उसके साथ अश्लील हरकतें कर उसकी इज्जत लूटने की कोशिश की। जब उसने विरोध किया तो कहने लगा कि मैं अब तुझे इस घर में नहीं रहने दूंगा। तभी ससुरालिए आए और उसके संग बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। होश में आने पर उसने फोन पर अपने पीहर वालों को पूरी घटना की जानकारी दी तो परिजन पीड़िता को लेकर एसपी देहात से मिले। तब उनके निर्देश पर बुढ़ाना महिला थाना पुलिस ने ससुरा. लियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, भावुक माहौल में दी गई विदाई

■ कुंद-कुंद जैन इंटर कॉलेज में हुआ समारोह

**शाहटाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** श्री कुन्द कुन्द जैन इंटर कॉलेज में शनिवार को सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में आयोजित समारोह भावनाओं से सराबोर रहा। कार्यक्रम में इस वर्ष सेवा निवृत्त हुए रामकुमार पुंडीर, सुधीर कुमार पांडेय और अजय जैन को सम्मानित करते हुए उनके शिक्षण कार्यों की सराहना की गई।

इसके साथ ही पूर्व में सेवा. निवृत्त हो चुके शिक्षकोंकृबिजेन्द्र कुमार, काम्श्वर, आदीश जैन, राजपाल, ;षिपाल एवं श्रीमती विमलावको भी सम्मान देकर उनके योगदान को याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रबंध समिति के पूर्व प्रबंधक राजीव जैन ने की। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक अपने परिवारों के साथ उपस्थित रहे, जिससे माहौल भावुक हो गया। जनपद शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. अमित कुमार जैन ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। विदाई के क्षणों में शिक्षकों ने अपने अनुभव और संस्मरण साझा किए, जिसने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और पुरानी यादों को ताजा कर दिया। इस अवसर पर हितेष कुमार, राजकुमार जैन, मीनाक्षी जैन, सध्यारानी, मोनिका शर्मा और चंदन शर्मा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्य दीपक जैन, सुनील जैन, पंकज जैन, आशु जैन, जयभगवान जैन, अंकित जैन, सुबोध जैन, नवीन जैन और नीरज जैन मौजूद रहे और सभी सेवा. निवृत्त शिक्षकों के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु जीवन की कामना की।

अंत में प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संच. ालन रुपक वर्मा ने किया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### खतौली में खेलों का जोश: कबड्डी और रस्साकशी में दिखा छात्रों का दम-खम

**खतौली।** श्री कुन्द-कुन्द जैन महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत शनिवार को कबढी और रस्साकशी के मुकाबले पूरे उत्साह और जोश के साथ सम्पन्न हुए। मैदान में उतरे छात्र-छात्राओं ने खेल भावना के साथ बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कबढी प्रतियोगिता में छात्र वर्ग की ब्लू टीम की कमान प्रशांत के हाथों में रही, जबकि हरी टीम का नेतृत्व प्रियांशु ने किया। छात्रा वर्ग में कु. भारती और कु. ज्योति ने अपनी-अपनी टीमों की कप्तानी संभाली। करीब 45-45 मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम और रणनीति का शानदार प्रदर्शन किया। अंततः छात्र वर्ग में ब्लू टीम ने जीत हासिल की, वहीं छात्रा वर्ग में भी ब्लू टीम ने हरी टीम को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इसके बाद आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता में भी रोमांच चरम पर रहा। छात्र वर्ग में रोबिन राणा और राहुल कुमार की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें राहुल कुमार की टीम विजयी रही। छात्रा वर्ग में कु. प्राची और कु. खुशी के नेतृत्व में मुकाबला हुआ, जिसमें कु. खुशी की टीम ने बाजी मारी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी उपस्थित रहे। उनके साथ ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू अहलावत सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत तिलक, पटका और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. नीतू वशिष्ठ ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। क्रीड़ाधिकारी प्रो. अरविंद कुमार जैन एवं उनकी टीम को सफल आयोजन के लिए सराहा गया। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ. संजीव कुमार ने किया। समापन अवसर पर संयोजक डॉ. अरविंद कुमार ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

# महात्मा फुले के आदर्शों पर चलकर ही समाज की तरक्की संभव: पंकज सैनी



**खतौली।** ग्राम जधेड़ी जाटान में शनिवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके संघर्षमय जीवन, शिक्षा के प्रसार में योगदान और सामाजिक समानता के लिए किए गए प्रयासों को याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रताप कश्यप ने की, जबकि मंच संचालन रोशन सैनी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष पंकज सैनी ने कहा कि महात्मा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाकर एक नई सोच को जन्म दिया। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे बड़ा हथियार बताया और कहा कि उनके बताए रास्ते पर चलकर ही पिछड़े वर्गों का समग्र विकास संभव है। विशिष्ट अतिथि मास्टर राजबीर सैनी ने युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की सलाह देते हुए कहा कि उन्हें अपने महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने शिक्षा को उन्नति का मूल आधार बताते हुए इसके महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गांवों से आए लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर टीटू सैनी, सुनील सैनी, श्रवण सैनी, देवेन्द्र प्रजापति, ओमपाल सिंह, प्रमोद सैनी, जोनी सैनी और चमन सैनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# किताबों व फीस को लेकर निजी स्कूलों पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर के आर्य समाज शिवपुरी में हुई बैठक में निजी पब्लिक स्कूलों द्वारा किताबों और फीस के नाम पर की जा रही मनमानी वसूली का मुद्दा जोर-शोर से उठा। वक्ताओं ने इसे अभिभावकों के साथ आर्थिक अन्याय बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

जिला प्रधान सत्येंद्र आर्य ने कहा कि स्कूल प्रबंधन ने प्रकाशकों और चुनिंदा बुक सेलर्स से मिलीभगत कर पाठड्क्रम तय कर रखा है, जिसे केवल निर्धारित दुक. ानों से ही ऊंचे दामों पर खरीदा जा सकता है। इससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नर्सरी से इंटरमीडिएट तक किताबों के सेट तीन हजार से लेकर 15-20 हजार रुपये तक बेचे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था के चलते शिक्षा व्यवस्था में असमानता बढ़ रही है। एक ओर सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा लेने वाले बच्चे हैं, जबकि दूसरी ओर महंगी शिक्षा लेने को मजबूर अभिभावकों के बच्चे। यह अंतर भविष्य में सामाजिक संत. ुलन को प्रभावित कर सकता है। बैठक में मौजूद सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर एसडीएम खतौली के माध्यम से प्रदेश के शिक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर जगदीश सिंह, भगवान सिंह, रण सिंह, सुशील आर्य, रामानंद आर्य, धीरेंद्र आर्य, शोभाराम आर्य, चरण सिंह आर्य, राजेंद्र खारी (पूर्व स्टेशन अधीक्षक) और राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### एसडी इंजीनियिरिंग में उडान कार्यक्रम का आयोजन

मुजफ्फरनगर। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के इंजीनियरिंग संकाय द्वारा 'एम्ब्रेसिंग न्यू होरीजन्स-2026 उड़ान' का आयोजन किया गया जिसमें बीटेक, तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने बीटेक चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगा. रंग कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ0 एस0 सी0 कुलश्रेष्ठ, चेयरमैन, श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। दीप प्रज्जवलन के समय प्रबन्ध समिति की अध्यक्षा श्रीमती पूनम शर्मा जी, इंजी. नियरिंग विभाग के निदेशक डॉ0 ए0के0 वशिष्ठ के अतिरिक्त श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की अन्य घटक संस्थाओं के निदेशक डॉ0 अशोक कुमार, डॉ0 गिरेन्द्र गौतम, डॉ0 आर0 पी0 सिंह, प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल, डॉ0 मनोज धीमान तथा डीन-एप्लाईड साइंस डॉ0 सुचित्रा त्यागी तथा डॉ0 विनीत शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंजू त्यागी ने किया। मिस्टर फेयरवैल बीटेक सीएसई चतुर्थ वर्ष के नासिर व मिस फेयरवैल आरती 2026 चुना गया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोह में चलाया सदस्यता अभियान

**मोरना।** महात्मा ज्योतिबा फुले की 199 वी जयंती के अवसर पर गांव कटिया में एक सभा का आयोजन आजाद समाज पार्टी द्वारा किया गया।जिसमें सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी का विस्तार किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कटिया में जिला पंचायत सदस्य भीष्म सिंह पँवार के आवास पर आयोजित सभा का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले, सम्राट मिहिर भोज, डॉ. भीमराव अंबेडकर, मा. कांशीराम के चित्र सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।मुख्य अतिथि आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रविन्द्र भाटी ने कहा कि पार्टी के संस्थापक चन्द्रशेखर आजाद संगठन व महनत के दम पर पहचान बना रहे हैं।सदन से लेकर सड़क तक शोषितों की आवाज़ को उठा रहे हैं।पूरी संसद में वह अकेले विपक्ष की भूमिका को मजबूती से प्रस्तुत कर रहे हैं।पार्टी का जनाधार सभी वर्गों में तेजी से बढ़ रहा है।

आजाद समाज पार्टी गरीब के लिए शिक्षा, चिकित्सा को नि:शुल्क करने की मांग करती है।गुर्जर समाज को भाजपा में सम्मान नही मिलने वाला है।उनकी पार्टी के कार्यक्रम को शासन प्रशासन नही होने देना चाहता है यह भावना संविधान के विरुद्ध है।जिला पंचायत चुनाव में



आसपा का टिकट लेने वालों की भीड़ है।इस बार पार्टी अन्य दलों का सूपड़ा साफ कर देगी।मण्डल अध्यक्ष सरदार जोगेन्द्र सिंह ने कहा कि कुछ व्यक्ति आसपा के बढ़ते समर्थन से जले हुए हैं।जो साजिश रचने कि नाकाम कोशिश में लगे हुए हैं।कार्यक्रम के दौरान दो दर्जन से अधिक व्यक्तियों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई गयी। इस अवसर जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा, विधानसभा अध्यक्ष आदेश कुमार, सुनील कुमार, रजत निठारिया, हरेन्द्र पंवार, दीपक राणा, अर्जुन सिंह, अरविंद गौतम, कामिल खान,संजीव कपासिया, मौ. अफ़ज़ल,शिवानी देशवाल, उषा, पारुल गिरी आदि मौजूद रहे।

# चरथावल विधानसभा में मनाई वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में रेलवे रोड स्थित कांग्रेस कैंप कार्यालय पर सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता संयुक्त रूप से कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष तारीख कुरैशी एवं राजपूत समाज के जिला अध्यक्ष ठाकुर ब्रह्मानंद सिंह ने एवं संचालन ब्राह्मण समाज के मुकुल शर्मा ने किया इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश पुंडीर ने कहा कि हम सभी देशवासियो को किसी भी वीर महान पुरुषो को जाति धर्म में नही बांटना चाहिए उन्होंने अपने देश और सर्व समाज की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है राकेश पुंडीर ने बताया कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह 17 मई दिन रविवार प्रातः 10:00 बजे चरथावल विधानसभा में गांव नगला पिथौरा के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में विचार गोष्टीकर बहुत ही सादगी पूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। बैठक में रामकुमार मरवा खत्री राजेंद्र, बिल्लू पाल, साजिद खान, शमीम सैफी, सतीश शेरावत, विनोद कुमार, डॉक्टर रईस अहमद, तुर्क ठाकुर मुनेश राणा, नरेश कुमार चौहान ,ज्योतिष आचार्य पंडित ध्यानचंद कुश, प्रमुख समाजसेवी असद फारुकी ,सेन समाज जिला अध्यक्ष देवी प्रकाश, नरेश भारती, एससी एसटी प्रदेश सचिव नीरज चौधरी, महेश विश्वकर्मा ,पवन कुमार गुप्ता, मुकेश ठाकुर ,श्याम सिंह पुंडीर, गौरव गर्ग आदि उपस्थित रहे।


### सूचना

मेरी पुत्री अमाक्षी गर्ग के जन्म प्रमाण पत्र सं. 13926/16.11.23 में गलती से माता का नाम साक्षी गर्ग व पिता का नाम अमन गर्ग अंकित कराया गया। वास्तविक नाम क्रमशः साक्षी गोयल व अमन कुमार गर्ग है। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अमन कुमार गर्ग 60/125, लक्ष्मण विहार, कंबलवाला बाग, नई मंडी मुजफ्फरनगर**
**8650039120**


# योगी-जयंत के कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे मंत्री अनिल कुमार

**पुरकाजी ।** सुबे के मुखिया आदित्यनाथ योगी एवं राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के जनपद आगमन पर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विकासखंड परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आगामी 13 अप्रैल को प्रातः 11 बजे नुमाइश कैंप,में आयोजित होने वाले तैयारियों को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं भारत सरकार में मंत्री चौधरी जयंत सिंह की उपस्थिति रहेंगे।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार उपस्थित रहे। मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आ]वान किया कि वे घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि यह रैली ऐतिहासिक बन सके।उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियां, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर, महिला सशक्तिकरण, बेहतर कानून व्यवस्था तथा बुनियादी ढांचे के विकास जैसे अनेक कार्य प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। यह कार्यक्रम इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर ,प्रदेश महासचिव रामनिवास पाल ,





चरथावल ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर जी,धर्मेंद्र राठी,गोल्डी राठी, जिला पंचायत सदस्य गोविंद कुमार, वीरेंद्र उर्फ बिल्लू भाई, गन्ना समिति रोहना के चेयरमैन अनिल त्यागी,तीतावी गन्ना समिति के चेयरमैन शंकर सिंह उर्फ भोला,मंडल अध्यक्ष अजय पवार, धीर सिंह चेयरमैन, ओमसिंह गुर्जर, मनोज चौहान , धर्मेंद्र राठी ,अमित गोयल , विपिन गोयल ,बशारत खान , विनोद चौधरी , संदीप वर्मा ,अनिल गौतम , प्रदीप प्रधान , पंकज त्यागी , अमित चौधरी ,जगपाल, सोमपाल प्रधान ,मोहन प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शेरपुर किसान सेवा सहकारी समिति के सभापति प्रधान धीर सिंह एवं संचालन भाजपा नेता मनोज चौहान ने किया

# अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध रिपोर्ट हुई दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/फुगाना।** एक अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध फुगाना पुलिस ने मृतक युवक के चाचा की तहरीर पर मामला दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार रविन्द्र पुत्र गिरवर निवासी गांव ईदरीशपुर थाना दोघट जनपद बागपत ने फुगाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि मेरे ही गांव का मेरा भतीजा मोहन पुत्र शिव नारायण अपनी माताजी मुकेश देवी के साथ मोटर साईकिल से गांव से दवाई लेने शामली जिले मे आए थे। शामली से वापस गांव जाते समय दिल्ली वाया देहरादून हाईवे पर फुगाना थाना क्षेत्र के ग्राम खेडा मस्तान के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमे दोनों को काफी चोटें आई। इलाज के दौरान मोहन की मृत्यु हो गई। माता मुकेश देवी का इलाज हास्पिटल मे चल रहा है।

यह घटना बीती शुक्रवार की दोपहर लगभग 01 बजे की है। पुलिस ने रविंद्र की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरु कर दी है।


### चुनाव अधिसूचना

डिप्टी अब्दुर्रहीम सीनियर सैकेण्ड्री स्कूल बागोवाली, मुजफ्फरनगर के साधारण सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय की प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों का चुनाव कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है चुनाव अधिकारी एवं विभागीय पर्यवेक्षक अद्योहस्ताक्षरी है:-

| क्र सं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | मतदाता सूची का प्रकाशन | 17.04.2026 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक |
| 2. | मतदाता सूची पर आपत्ति व निराकरण | 17.04.2026 | दोपहर 12 बजे से अपराहन 2 बजे तक |
| 3. | नामाकंन पत्र भरना | 18.04.2026 | प्रातः 10 बजे से दो बजे अपराहन |
| 4. | नामांकन पत्रों की जांच व वैध सूची का प्रकाशन | 18.04.2026 | दोपहर 12 बजे से अपराहन 2 बजे तक |
| 5. | नाम वापसी | 18.04.2026 | अपराहन 2 बजे से 3 बजे तक |
| 6. | चुनाव (यदि आवश्यक हुआ तो) | 19.04.2026 | प्रातः 10 बजे से दोपहर 11 बजे तक |
| 7. | चुनाव चिह्न का आंवटन एवं मतदान | 19.04.2026 | प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक |
| 8. | मत पत्रों की गणना एवं चुनाव परिणाम की घोषणा | 19.04.2026 | अपराहन् 2 बजे से |

नोट:-1. सभी सदस्य नामंकन के समय अपने आधार कार्ड की मूलप्रति के साथ छाया प्रति भी अवश्य लाये।
2. चुनाव सम्बन्धी समस्त कार्यक्रम विद्यालय कार्यालय में चुनाव अधिकारी एवं विभागीय पर्यवेक्षक के समक्ष होंगे।

**विभागीय पर्यवेक्षक**
**आशीष कुमार द्विवेदी**
**प्रधानाचार्य**
**रा. इ. का. बहादरपुर, मुजफ्फरनगर**

**चुनाव अधिकारी**
**मासूम अली, प्रधानाचार्य**
**जेयू इस्लामिया इंटर कॉलेज कुटेसरा, मुजफ्फरनगर**


# पुलिस के दुर्व्यवहार पर योगी के समक्ष विरोध जताने का निर्णय

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू संगठनों व भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं से राजनीतिक मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर संयुक्त हिंदू मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री योगी के जनपद आगमन पर उनसे मुलाकात करेगा ओर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सरकार के समर्थकों से पुलिस द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार पर अपना विरोध दर्ज करेगा

आज कंबल वाली गली में संपर्क कार्यालय पर हुई बैठक मै संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी ने कहा कि पूर्व की सपा बसपा सरकार के कार्यकाल में अनेक आंदोलनों में शिव सेना सहित अनेक हिंदू संगठनों व भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं पर दर्जनों मुकदमे दर्ज है पर भाजपा सरकार के लगभग दस वर्ष पूरे होने के बाद



भी ओर अनेक बार मांग करने के बाद भी सरकार ने इन मुकदमों को वापस लेने का कोई प्रयास नहीं किया जबकि पूर्ववर्ती समाजवादी पार्टी आतंकवादियों से भी मुकदमे वापस ले लेती थी उन्होंने कहा कि आज पुलिस प्रशासन भी लगातार सरकार के समर्थकों के खिलाफ लगातार दुर्व्यवहार कर रही है इसीलिए इन सभी मांगो को मुख्यमत्री के सामने उठाया जाए। बैठक मै मुख्य रूप से डॉक्टर योगेंद्र शर्मा प्रदेश महासचिव लोकेश सैनी जिल अध्यक्ष शि व सेना अखिलेश जाटव अध्यक्ष संयुक्त हिंदू महासंघ शैंकी शर्मा युवा जिला अध्यक्ष शिव सेना गीता गुर्जर मंडल अध्यक्ष महिला शिव सेना गीता ठाकुर शालिनी शर्मा जिला उपाध्यक्ष रीना जैन आदि शामिल थे।

# खतौली में टेक्सेशन बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी गठित

**खतौली।** टेक्सेशन बार एसोसिएशन की बैठक सोमवार को घंटाघर स्थित अरिहंत स्वीट्स में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता अंजलि शर्मा एडवोकेट ने की। इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

नई कार्यकारिणी में अब्दुल समद को अध्यक्ष, अंकित गोयल को उपाध्यक्ष और मोहम्मद नसीम को महासचिव चुना गया। वहीं, हर्ष विजय अग्रवाल को सहसं. चव/कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई।इसके अलावा नासिर अंजुम, उमेश चंद महेश्वरी, प्रमोद कुमार जैन, शिव कुमार अरोरा, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद दानिश और मयंक गोयल को सदस्य बनाया गया।बैठक के अंत में निवर्तमान अध्यक्ष अंजलि शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनका आभार जताया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अब्दुल समद ने संगठन को मजबूत करने और अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया।


### कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत डॉ. अरविन्द कुमार, पुत्र श्री ताराचन्द निवासी नकुड सेड निकट पोस्ट ऑफिस पूर्वी अफगानान, सरसावा, जिला-सहारनपुर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं.-MZDA/BP/25-26/0273 के द्वारा अपनी भूमि प्लॉट (पार्ट) नं0-02 व 03, खसरा नं-1376, मौहल्ला-आदर्श कॉलोनी, ग्रान-सरवट (बाहर हदूद), जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 337.36 वर्गमी. पर सामुदायिक सुविधायें (डायग्नोस्टिक्स सैंटर) के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु, आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**सामुदायिक सुविधाएं**

प्रश्नगत स्थल प्लॉट (पार्ट) नं0-02 व 03, खसरा नं0-1376. मौहल्ला आदर्श कॉलोनी, ग्राम सरवट (बाहर हदूद). जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 'आवासीय (400 से 750 व्यक्ति / हेक्टेयर)' भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 23 के अनुसार 'आवासीय भू-उपयोग के अन्तर्गत शॉपिंग सेन्टर की क्रिया सामान्यतः अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगुलेशन /महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया / उपयोग (भले ही जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया / उपयोग सामान्यतः अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस को समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों/सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति/अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा। इस प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdaimzn:@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव, विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**



### सूचना

मेरी पुत्री शिवाक्षी गर्ग के जन्म प्रमाण पत्र सं. 4392/18.3.25 में गलती से पिता का नाम अमन गर्ग अंकित कराया गया। वास्तविक नाम अमन कुमार गर्ग है। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अमन कुमार गर्ग 60/125, लक्ष्मण विहार, कंबलवाला बाग, नई मंडी मुजफ्फरनगर**
**8650039120**



### सूचना

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र संख्या-11499/15.10.19 में गलती से पुत्री का नाम सृष्टि, पिता का नाम गिरिश चंद्र व माता का नाम नीसा अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम क्रमशः सृष्टि, गिरीश चंद्र व निशा शर्मा है और भविष्य में भी इन्ही नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरीश चंद्र आनंद भवन**
**मुजफ्फरनगर**
**7895611223**

# एक युवक ने रात्रि में फांसी लगाकर की आत्महत्या

■ रिश्तेदारी में आया हुआ था बेहड़ा आस्सा निवासी विकास

**शाह टाईम्स संवाददाता**

**छपार।** अपनी रिश्तेदारी में आये एक युवक ने रात्रि में गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। साथ में आई उसकी पत्नी ने सुबह देखा तो उसका शव लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सिखेड़ा के गांव बेहडा आस्सा निवासी विकास अपनी पत्नी सुमन के साथ अपने भाई की साली के यहां छपार शुक्रवार को आया था। रात्रि वह अंदर कमरे में सो गया और उसकी पत्नी मकान मालकिन स्वर्गीय सुदामा की पत्नी माया के पास बरामदे में सो गई। शनिवार को सुबह माया मजदूरी पर चली गई। विकास की पत्नी ने देखा कि उसका पति अभी तक क्यों नहीं उठा तो उसने देखा तो वह फंदे पर लटका हुआ था उसने मालकिन को सूचना दी कुछ देर में लोग इकठा हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने कोई भी कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सीकरी में पटाखें छुड़ाने को लेकर चले लाडी डंडे, धारदार हथियार, पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव सीकरी में पटाखें छुडाने को लेकर दो पक्षों में लाठी डन्डे व धारदार हथियार चले, जिसमें दोनों ओर से पांच लोग घायल हो गए। घायलों का सीएचसी पर उपचार कराया गया।

दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए मुद. कमा दर्ज कराया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी मौहम्मद वाजिद ने बताया कि मौहल्ले में एक युवक की शादी का कार्यक्रम था जिसको लेकर कुछ शरारती युवक चार पांच दिनों से उनके घर के सामने पटाखे छोड़ रहे थे।दुधारू पशुओं के बिदकने के कारण शुक्रवार की शाम युवको से पटाखे कहीं दूर छोड़ने की अपील की जिसके बाद अरोपी अमीर अहमद, इरफान, फरमान, शाकिर, अजमल, जान मौहम्मद उर्फ छोटा, शहजाद, नौमान, शहजाद लाठी डन्डे, लोहे की रॉड, बलकटी, चाकू लेकर घर के अन्दर घुस आए और रंजिशन जान से मारने की नीयत से हमला किया। जिसमें मेरे भाई साजिद, राशिद व खालिद घायल हो गए। शोर शराबे की आवाज सुनकर आस पास के लोगों ने उनकी जान बचाई। जिसके बाद हमलावर मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

वही, दूसरे पक्ष से असजद ने मुकदमा दर्ज कराया कि मौहल्ले के फकीरा, साजिद, वाजिद, खालिद, राशिद उनके परिवार से रंजिश रखते हैं। घर में शादी समारोह के चलते शुक्रवार शाम को घर के दरवाजे पर बच्चे पटाखे पटका रहे थे। हमारी खुशियों से चिड कर आरोपितों ने लाठी डन्डे, लोहे की राड, बलकटी, चाकू लेकर घर के अन्दर घुस आए और गाली गलोज करते हुए जान से मारने की नीयत से हमला कर मेरे रिश्ते के चाचा शहजाद पुत्र शरीफ व दूसरे चाचा शहजाद पुत्र अख्तर को घायल कर दिया। आस पास के लोगों ने हमारी जान बचाई। आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मुद. कमा दर्ज कराया गया।

## वाट्सएप पर अश्लील वीडियो अपलोड करने वाला युवक अरेस्ट

**बुढाना।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में वाट्सएप पर अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद गांव में झगड़े और तनाव की सूचना मिली थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक के द्वारा अपने वाट्सएप स्टेटस पर आपत्तिजनक वीडियो अपलोड किया गया था। वीडियो के वायरल होते ही गांव में दो पक्षों के बीच तनातनी का माहौल बन गया और झगड़े की आशंका पैदा हो गई। मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी सुभाष अत्री के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल गांव में पहुंची तथा मामला शांत कराया।

## एक नजर

### पल्स एकेडमी का छात्र दिगंत बना टॉपर



**बुढ़ाना।** कांधला रोड पर स्थित मेपल्स एकेडमी बुढाना में प्रतिभाओं को सम्मानित करने का सिलसिला जारी है। विद्यालय के यूकेजी सेक्शन रोज के छात्र दिगंत सांगवान ने 99.27 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। अपनी इस उपलब्धि से दिगंत ने न केवल अपने माता पिता बल्कि पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर स्कूल के ऑनर राजीव गर्ग, प्रिंसिपल डॉक्टर गरिमा एवं कोर्डिनेटर रीतू मनचन्दा आदि उपस्थित रहे। स्कूल ऑनर राजीव गर्ग ने छात्र को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल डॉक्टर गरिमा ने कहा कि दिंगत जैसे होनहार छात्र विद्यालय के लिए प्रेरणा हैं।

## युवक शादी के उद्देश्य से किशोरी को ले भागा

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** एक युवक विवाह करने के उद्देश्य से एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा कर ले गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना सर्किल के थाना रतनपुरी क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने रतनपुरी पुलिस को एक प्रार्थना पत्र देते हुए बतलाया कि बीती आठ अप्रैल को उसकी लगभग 15 साल की नाबालिग पुत्री को रितिक प्रजापति पुत्र रोशन निवासी गांव छुर थाना सरधना जनपद मेरठ जबरदस्ती बहला फुसलाकर शादी करने के उघ्देश्य से भगाकर ले गया। उसकी पुत्री को रितिक के साथ उसके लड़के ने उस समय देखा जब वो खेत पर कार्य कर रहा था। अब पीडित महिला ने रतनपुरी पुलिस से अपनी नाबालिग पुत्री की सकुशल बरामदगी और उक्त आरोपी रितिक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए एक तहरीर दी है। रतनपुरी पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर गायब नाबालिग किशोरी और आरोपी रितिक प्रजापति की तलाश शुरू कर दी है।

## किसान नेता की पत्नी से कुछ युवकों ने की छेड़छाड़

**छपार।** एक किसान संगठन के पदाधिकारी की पत्नी के साथ कुछ युवकों ने छेड़छाड़ व मारपीट की। पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। छपार निवासी सालिम त्यागी एक किसान संगठन में पदाधिकारी है। शनिवार को उसकी पत्नी आसमा अपनी पुत्री के साथ बाजार जा रही थी पीछे से दो बाइक पर सवार होकर चार लोग आये। आरोप है कि उन्होंने पहले छेड़छाड़ की ओर विरोध पर लाठी डंडों से पिटाई की। आस पास के लोगों के आने पर आरोपी भाग गये। पीड़िता ने इमरान उसके पुत्र शाबिर,शाहवाज व दो अन्य हमलावरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

## होली चाइल्ड में वार्षिक पुरस्कार वितरण

**मुजफ्फरनगर।** होली चाईल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जडौदा के सभागार में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वीरपाल निर्वाल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ0 ईश्वरचन्द्रा, ब्लॉक प्रमुख अमित चौधरी, सीनियर रेडियोलोजिस्ट, डॉ0 सुभाष बालियान, जिला पंचायत सदस्य सचिन करानिया, कैप्टन कुलदीप सिंह, पं0 संजीव शंकर, नीरू शर्मा, बाल कल्याण समिति सदस्य डॉ0 राजीव कुमार एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज के म्यूजिकल ग्रुप रूद्रा द्वारा एक इन्सूटूमेन्टल संगीत के साथ शानदार प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया गया। समारोह में शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। हास्य कवि रामकुमार रागी एवं फैज-उर-रहमान ने समारोह में देशभक्ति से ओत-प्रोत कविता पाठ कर सबको देशभक्ति के भाव में लीन कर दिया। वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में फैज-उल रहमान, अहसान त्यागी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख इदरीश त्यागी, पूर्व प्रधान रोहित सहरावत, वर्तमान धमेन्द्र कुमार, नकुल उपाध्याय, एवं गणमान्य क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें। कक्षा नर्सरी से कक्षा-11 तक शैक्षणिक में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी हर्षित, शगुन, ज्ञानवी, वेदांशी, अनाया, अविराज, अनाया चौधरी, लविश, हामिद, अनंत, अदिति, अवन्तिका, अर्पित, अवनी, सुभारती, अंशिका शुक्रालिया, इच्छा। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी मालविका, अमनजोत, धैर्य पाल, अभिनव, शिफा, देविका, विधि, लविश, त्रिशा, यश, विराट, खुशी, मन्तशा, निवेदी, आकांक्षा। इसके अतिरिक्त समय-समय पर विद्यालय में करायी गयी भिन्न-भिन्न प्रतियोगिता जैसे- हिन्दी श्रुतिलेख, अंग्रेजी श्रुतिलेख, सामान्य-ज्ञान प्रतियोगिता, कविता मंचन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, मैथ क्विज, टेबिल प्रतियोगिता, श्रुतलेख प्रतियोगिता में टॉप-10 रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रमाण-पत्र तथा मेडल देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अन्त में अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य आंचल एवं प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने विद्यार्थियों द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य की सराहना की। मंच का सफल संचालन शुभम कुमार ने किया।

# प्रस्तावित नया नियम दवा व्यापारियों के हित में नहीं: सुभाष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित क्ज्।ठ (ड्रग टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड) के दिए गए सुझाव को दवा व्यापारियों के विरुद्ध बताया है।

जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान का कहना है कि डी टी ए बी के ड्रग रूल 1945 के रूल 64 में बदलाव करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें कंपोनेंट पर्सन यानी जिम्मेदार व्यक्ति की योग्यता को कंपलसरी किया जा रहा है जिसका मतलब है अब सिर्फ रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट, डी फार्मा या बी फार्मा या इसके अतिरिक्त साइंस ग्रेजुएट बीएससी प्लस 2 साल का अनुभव एवं इसी के साथ-साथ दवा के काम का अनुभव जिसमें 6 माह का ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स करने का प्रस्ताव दिया गया है।

सुभाष चौहान का कहना है कि सिर्फ मुजफ्फरनगर में ही नहीं समस्त भारत में जो भी दवा का काम करने वाले होलसेलर है उनमें से अगर देखा जाए तो मात्र 10: ही बीएससी ग्रेजुएट पाए जाएंगे स इसलिए भारत सरकार को इस कठोर प्रस्ताव में सुधार करने की आवश्यकता है। सुभाष चौहान ने कहा कि अभी तो ड्रग पोर्टल पर गोदाम का ऑप्शन ही नहीं शो हो रहा है उसी की वजह से समस्त होलसेल का व्यापार करने वाले दवा व्यापारी परेशान है



अब इस तरह के प्रस्ताव से बहुत बड़ी दिक्कत दवा व्यापारियों के लिए बढ़ने वाली है भारत सरकार को दवा व्यापारियों के हित को देखते हुए इस कठोर कानूनके प्रस्ताव में बदलाव करना चाहिए। जिला अध्यक्ष सुभाष चौहान ने भारत सरकार से अपील की है कि पुराने नियम पर ही दवा व्यापारियों को व्यापार करने देना चाहिए एवं रिटेल से फार्मासिस्ट की अनिवार्यता को भी खत्म करना चाहिए।

## कोतवाल सुभाष अत्री ने सुनी जन समस्याएं

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ। जिसमें कोतवाल निरीक्षक सुभाष अत्री ने कोतवाली में आए हुई कई फरियादियों की जन समस्याओं को ध्यान से सुना। तथा हलका लेखपाल और बीट कांस्टेबल को तत्काल निस्तारण करने की चेतावनी दी।

# पिकअप व कार की भिड़ंत में ग्यारह घायल

**मोरना।** मोरना-जानसठ मार्ग पर गांव चौरावाला में पिकअप वाहन व कार की भिड़ंत हो गयी।हादसे में कार सवार नौ मजदूर व पिकअप गाड़ी में सवार दो युवक घायल हो गए।जिनमे दो लोगों को गम्भीर चोट आई है। पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल भिजवाया। सहारनपुर जिले के देवबंद थानाक्षेत्र के खटौली गांव निवासी गौतम शनिवार की सुबह जाइलो कार द्वारा गांव निवासी अशोक कुमार, प्रवेश, आशीष, राकेश, विनीत, दीपक, ईशम सिंह, पप्पू को बैठाकर बिजनौर जा रहा था। कार सवार बिजनौर में मजदूरी करने जा रहे थे। उधर, भोपा क्षेत्र के पटौली गांव निवासी पिकअप गाड़ी चालक शाहबुद्दीन अपने भाई नाजिम के साथ चौरावाला में मुर्गा सप्लाई कर मोरना की ओर जा रहा था। की चौरावाला गांव में सामने से आ रही पिकअप गाड़ी की साइड लगने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, साइड लगने के बाद कार अनियंत्रित होकर कई बार पलटी। हादसे में कार सवार सभी मजदूर व पिकअप सवार दोनों भाई घायल हो गए। सूचना पर पहुंची निजी सहायता दल व ककरौली पुलिस ने कार सवार घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से भोपा सीएचसी भिजवाया। जहां से अशोक, प्रवेश, ईशम सिंह व कार चालक गौतम को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# माउंट लिट्रा में अलंकरण समारोह सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर।** लिंक रोड स्थित माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में प्रतिभा सम्मान समारोह तथा अलंकरण समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक एवं मनमोहक ढंग से सुसज्जित किया गया, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और भी बढ़ गई।इस गरिमामय अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अंजू अरोड़ा प्रसि) लेखिका एवं शिक्षाविद तथा वृंदा शर्मा एवं सोनिया लूथरा की स्नेहिल उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों को शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु प्रथम से दशम स्थान तक तथा कक्षा 9 एवं 11 के विद्यार्थियों को प्रथम से पंचम स्थान तक उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियोंकृप्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने पर प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पुरस्कृत विद्यार्थियों के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।इसके पश्चात अलंकरण समारोह में विद्यालय के नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। चयनित छात्र-छात्राओं के नाम इस प्रकार हैं हेड बॉयरू देव सिंघल, हेड गर्ल खुशबू लूथरा, स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन (गर्ल) मान्या चौधरी स्कूल स्पोर्ट्स कैप्टन (बॉय) अमर ढाका वाइस हेड बॉयरू शिवांश वाइस हेड गर्लरू मानस्वी त्यागी इन सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता एवं अनुशासन के बल पर यह गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है।

# शोरम के एमजे पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में परिणाम घोषित, मेधावी छात्र सम्मानित

**शाहपुर।** क्षेत्र के गांव शोरम स्थित एमजे पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कक्षा 7 की छात्रा फिजा ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉप किया, जिसे पुरस्कार स्वरूप साइकिल प्रदान की गई। वहीं सुफियान को टेबल फैन और सफिया को प्रेस देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों को मोबाइल फोन और फास्ट फूड से दूर रखने की सलाह दी, बताते हुए कि फास्ट फूड बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। वहीं मौलाना शोएब कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को ऐसा सकारात्मक माहौल दिया जाए, जहां धर्म के नाम पर भेदभाव न हो, बल्कि देश की एकता, सुरक्षा और सम्मान की भावना विकसित हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य यूनुस चौधरी और सलीम चौधरी उपस्थित रहे। इसके अलावा युवा समाजसेवी तोहिद त्यागी, तौसीफ राही, मास्टर शाहिद, मोहम्मद फारूक, मास्टर तनवीर, मास्टर मुजीद, डॉ. लोकेंद्र बालियान, पूर्व प्रधान शिवचरण सिंह, अमन ठाकरान, गुल मोहम्मद मलिक, डॉ. उमर चौधरी, सोयब अली, कासम चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हाफिज रियासत ने की तथा संचालन अली मियां गाजी खान ने किया।

## यातायात नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा

**बुढ़ाना।** कानून व्यवस्था व यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए बुढ़ाना पुलिस ने बीते शुक्रवार की देर रात कस्बा बुढ़ाना में सघन बाइक चेकिंग अभियान चलाया। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री के नेतृत्व में चौधरी चरण सिंह तिराहे पर हुई इस कार्रवाई के दौरान कई वाहनों के चालान काटे गए जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस अभियान में दोपहिया वाहनों की जांच की गई। पुलिस ने हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र समेत अन्य आवश्यक कागजातों की बारीकी से जांच की। जांच में बिना हेलमेट, तीन सवारी और कागजात पूरे न होने पर दर्जनों वाहनों के मौके पर ही चालान काटे गए। इस अभियान के दौरान पुलिस ने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया। उन्हें सख्त हिदायत दी गई कि नियमों का पालन करें अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। अचानक हुई इस चेकिंग से तिराहे पर कुछ समय के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया। पुलिस को देखकर कई वाहन चालक रास्ता बदलते हुए दिखाई दिए। कोतवाल ने बताया कि सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए ऐसे अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

# दशमेश में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में बैसाखी पर्व बड़े ही उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता एवं प्रधानाचार्य आमिर खान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का रंग देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया।

नृत्य प्रस्तुति में सीरत, गुरताज, विक्रमवीर, हरजस, हरकिरत, गुनिका, समृद्धि, रोजलिन, मनप्रीत, प्रभलीन एवं मन्नत ने अपनी शानदार प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं भाषण प्रतियोगिता में भूमि, ऐवी और शिवांशी ने बैसाखी पर्व के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और स्टाफ का विशेष योगदान रहा। स्वाति अरोड़ा, मनजोत कौर, हर्षिका, गुरजीत, गुरविंदर, ज्योति, स्वाति सुधा, साक्षी, अनिकेत, धनवीर, विजय, निखिल और अशोक ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ब्राह्मण समाज की बैठक में योगी की जनसभा में जनसैलाब लाने का संकल्प

**मुजफ्फरनगर।** भरतिया कॉलोनी स्थित रवि शर्मा के आवास पर ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन व्यापारी नेता संजय मिश्रा के संयोजन में संपन्न हुआ। बैठक में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों एवं समर्पित कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन में ब्राह्मण समाज की गौरवशाली परंपरा, वैचारिक नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी अग्रणी भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह समाज सदैव से सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रहित में मार्गदर्शक शक्ति के रूप में कार्य करता रहा है। मंत्री कपिल देव ने आगामी 13 अप्रैल



को आयोजित होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी की प्रस्तावित जनसभा को अभूतपूर्व, ऐतिहासिक एवं जनशक्ति के विराट प्रदर्शन के रूप में स्थापित करने का आह्वान किया। बैठक के समापन पर उपस्थित समस्त गणमान्य व्यक्तियों एवं ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में 13 अप्रैल की जनसभा को सफल, भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने हेतु पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सुभाष शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, चंद्रमणि शर्मा, संदीप शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, रवि शर्मा, रमन शर्मा, सुखबीर, सचिन, कन्हैया, पुष्पेन्द्र राठी, महादेव शर्मा, अमित शर्मा, बिट्टू, शरणदीप कौशिक, संजय मिश्रा, आर्यन राज कौशिक, पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्लॉट पर भूमाफिया ने पत्नी, पुत्री, पुत्रों व गुंडों के बल पर किया अवैध कब्जा

**बुढाना।** एक प्लाट पर एक भूमाफिया ने अपनी पत्नि, पुत्री, पुत्रों और गुंडों के बल एक ग्रामीण के प्लाट पर अवैध रूप से कब्जा कर अवैध निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। कस्बा चौकी इंचार्ज ने दोनों पक्षों को रविवार को बुलाया है ताकि सच का पता लग सके।

मिली जानकारी के अनुसार दिलशाद पुत्र यामीन निवासी ग्राम जोगियाखेडा थाना फुगाना ने बताया कि उसने अपनी पत्नी के नाम बीते सन 2017 में एक प्लाट 125.44 वर्ग मीटर का सफीपुर पटी बुढाना देहात नदी वाले मन्दिर से आगे नदी पुलपार बुढाना खादर में लिया था। बीते 31 मार्च को रियासत पुत्र करम इलाही, आदिल, दानिश पुत्रगण रियासत, अफसाना पत्नी रियासत, मुस्कान पुत्री रियासत और पांच अज्ञात लोगों ने उसके प्लाट पर अवैध कब्जा कर लिया है। जब उसे पता चला कि उसके प्लाट पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा कर लिया गया है तो वह मौके पर अपने प्लाट पर पहुंचा तो आरोपियों ने एक राय होकर उसके संग मारपीट गाली गलोच करनी शुरू कर दी तथा उसे धमकी दी अगर आज के बाद प्लाट पर नजर भी आया तो जान से मार देंगे। मां बेटी अफसाना व मुस्कान ने उसको मौके पर धमकी दी कि अगर हमारे विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की तो उसे रेप के केस में जेल भिजवा देंगे।

## ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में अंतर्सदनीय प्रतियोगिताओं का किया भव्य आयोजन

**मीरापुर।** ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में शनिवार को विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अंतर्सदनीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में खेल, कला और शैक्षिक गतिविधियों का संतुलित समावेश देखने को मिला।

कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों के बीच खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें गंगा, यमुना, कृष्णा और कावेरी सदनों ने भाग लिया। बालक वर्ग में यमुना सदन ने कावेरी सदन को 1 अंक से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में कावेरी सदन ने यमुना सदन को 2 अंकों से पराजित कर जीत हासिल की। कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए आकर्षक चित्र बनाए। विभिन्न कक्षाओं के कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें यमुना सदन ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन वफा और कनन मल्होत्रा ने किया। प्रधानाचार्य दीपक कुमार धीमान ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए सह-पाठ्ङ्क्रम गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में रंजीता, ज्योति, प्रताप सिंह, विपिन कुमार, कुमुद शर्मा, सचिन धीमान, हैप्पी चौहान, साहिल, मनस्वी धीमान एवं अंकित सक्सेना सहित अन्य शिक्षकों का सहयोग रहा।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# 1.13 करोड़ की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

**-कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और नारकोटिक्स टीम को मिली बड़ी कामयाबी।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र में अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सक्रिय थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नारकोटिक्स टीम और थाना कांधला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भारसी मोड़ से एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये कीमत की 565 ग्राम हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा नकदी बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के सख्त निर्देशों के अनुपालन में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपनी टीम के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त और चेकिंग अभियान चला रहे हैं। इसी क्रम में भारसी मोड़ पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच के दौरान पुलिस को एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को रोककर पूछताछ की, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया, जिसमें युवक के कब्जे से 565 ग्राम अवैध हीरोइन, एक मोबाइल फोन तथा 1800 रुपये की नकदी बरामद हुई। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ तेरह लाख रुपये आंकी जा रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आरोपी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हो सकता है।



पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम वसीबू पुत्र जब्बार निवासी दहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की सक्रिय कार्यशैली और कुशल नेतृत्व के चलते यह कार्रवाई संभव हो सकी। क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ उनकी सख्त नीति और निरंतर निगरानी के कारण तस्करों में भय का माहौल बना हुआ है। ,स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में अपराध पर अंकुश लगेगा।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

## प्रधान पति समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी मे दो दिन पूर्व दो पक्षों में मारपीट हो गई थी स जिसके बाद पीड़ित गय्यूर ने थानाभवन थाने में तहरीर देकर घर में घुसकर महिलाओं के साथ गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीती रात प्रधानपति सलीम कुरैशी, उनके भाई नदीम कुरैशी, और बबलू सैयद तीनो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वही पीड़ित पक्ष ने कादरगढ़ चौकी पुलिसकर्मियों पर घर में घुस कर तोड़फोड़ और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप भी लगाया था। पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए व्यवहार से गांव में पुलिस के प्रति नाराजगी भी देखी जा रही है।

# महाविद्यालय में फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हिन्दू महिला महाविद्यालय में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अंतिम वर्ष की छात्राओं को विदाई देना और नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने शास्त्रीय, फ्यूजन व आधुनिक नृत्य, गीत, समूहगान, नाटिका, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी राउंड एवं परिचय कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आधार पर मिस फेस्र का खिताब अक्षा, मिस फेयरवेल पायल भारद्वाज, मिस ब्यूटी दिव्यांशी चंद्रा, मिस यूनिक अभिशा गोयल तथा मिस परफेक्ट




का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया। अंतिम वर्ष की। छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय से जुड़ी यादों को ताजा किया। नवप्रवेशित छात्राओं का वरिष्ठ छात्राओं द्वारा फूलों से स्वागत किया गया और उन्हें कॉलेज की परंपराओं से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में छात्राओं का आत्मवि श्वास और रचनात्मकता साफ झलकी। समापन अवसर पर प्राचार्या डॉ. मंजू गर्ग ने कहा कि छात्राओं के प्रस्तुत कार्यक्रमों और भावनात्मक संदेशों में प्रेम, आभार और नई शुरुआत की उम्मीद दिखाई देती है। उन्होंने सभी छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों का संस्था को मजबूत बनाने में योगदान के लिए आभार जताया।

# झाड़खेड़ी प्रकरण में कार्रवाई शुरू, साधु की तहरीर पर पांच दिन बाद केस दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव झाड़खेड़ी स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में साधु की कुटिया में आग लगाए जाने के मामले में पुलिस ने साधु की तहरीर पर पांच दिन बाद किया मुकदमा दर्ज। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी हैं।

पीड़ित योगी राहुल नाथ (शिष्य बादल नाथ) ने बताया कि विगत 6 अप्रैल की रात करीब 11:30 बजे वह अपनी कुटिया में सो रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान अज्ञात लोगों ने कुटिया में आग लगा दी थी। आग की तेज लपटों और गर्मी से उनकी नींद खुली और उन्होंने किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाई थी। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई थी। साधु ने परिजनों व ग्रामीणों को सूचना दी थी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था, लेकिन तब तक कुटिया में रखा सामान पूरी तरह जल चुका था। पीड़ित ने गांव के कुछ लोगों पर आगजनी का आरोप लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज नहीं किया था। लगातार प्रयासों के बाद अब पांच दिन बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। राहुल नाथ ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। उनका कहना है कि घटना के बाद से वह भय के साये में जी रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सेंट आरसी निबंध प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** सेंट आर.सी. साइंटिफिक कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को छात्र-छात्राओं के मानसिक व लेखन विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक, जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के तहत प्राथमिक वर्ग में कक्षा 3 के लिए (मेरा मित्र), कक्षा 4 के लिए (मेरा विद्यालय) और कक्षा 5 के लिए (हमारा प्यारा भारतवर्ष) विषय निर्धारित किए गए। जूनियर वर्ग में कक्षा 6 के लिए (स्वतंत्रता दिवस), कक्षा 7



के लिए (स्वास्थ्य और व्यायाम) तथा कक्षा 8 के लिए (भ्रष्टाचार) विषय दिए गए। वहीं सीनियर वर्ग में अंग्रेजी निबंध लेखन के अंतर्गत कक्षा 9 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ बुक्स) कक्षा 10 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ गुड वैल्यूज), कक्षा 11 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ सेल्फ स्टडी) और कक्षा 12 के लिए (इम्पोर्टेंस ऑफ टेक्नोलॉजी इन मॉडर्न लाइफ) विषय रखे गए। छात्र-छात्राओं ने सुंदर सुलेख, शुद्ध व्याकरण और प्रभावी भाषा शैली के साथ अपने विचारों को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य यशस्वी पंवार ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गति. विधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, जिससे उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रशांत शर्मा, शुभम कर्णवाल, प्रभाग गर्ग, विवेक चौहान, अंकित चौहान, अमित ठाकुर, अमित तोमर, अजेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, शाहरुख खान, अजय कुमार, मीनाक्षी चौधरी, कल्पना तोमर, ममता शर्मा, आरती शर्मा, रीतू चौहान, लीना शर्मा, मरियम सिद्दीकी, ऊषा अग्रवाल, परमजीत कौर समेत समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। मीडिया प्रभारी प्रदीप कौशिक ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय में समय-समय पर इस तरह की शैक्षिक व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

# नवनिर्मित सड़क का किरणपाल ने काटा फीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला देहात में नवनिर्मित सीसी सड़क का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। एमएलसी किरणपाल कश्यप फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को जलभराव और टूटी सडकों से निजात मिल सकेगी।

शनिवार को एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कार्यक्रम के दौरान कैम्प कार्यालय पर समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर व क्ताओं ने उनके जीवन, सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद किया। अपने संबोधन में



एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास और आमजन की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का तेजी से विकास हो सके। इसके बाद उन्होने कांधला देहात में नवनिर्मित सीसी सड़क का शनिवार को भव्य उद्घाटन किया गया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने फीता काटकर सड़क का लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के लोगों को जलभराव और टूटी सडकों से निजात मिल सकेगी। इस मौके पर गौरव कश्यप सहित सुरेन्द्र कश्यप, चन्द्रपाल कश्यप, संजीव राठी, धीरज प्रधान, दीपक कश्यप मौजूद रहे।

# गैर जमानती वारंटी हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गैर जमानती वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कैराना पुलिस ने एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई को अभियान के तहत महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शामली एन. पी. सिंह के निर्देशन में चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना कैराना पुलिस ने न्यायालय से जारी गैर जमानती वारंट के आधार पर ग्राम अलीपुरा निवासी अजय कुमार पुत्र नरेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी लंबे समय से वारंटी चल रहा था और उसकी



गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। आखिरकार पुलिस टीम ने उसे दबोचने में सफलता हासिल की। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि उसे नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में गैर जमानती वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और सभी फरार आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

## नौकरी दिलाने के नाम पर हुई ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गांव औरंगाबाद उर्फ गंदेवड़ा निवासी राहुल पुत्र बिरम सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके मोबाइल पर दो अलग-अलग नंबरों से कॉल आई थी। कॉल करने वाले अज्ञात व्यक्ति ने उसे रेलवे में सरकारी नौकरी दिलाने का लालच दिया। आरोप है कि झांसे में आकर उसने रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 1,05,500 रुपये आरोपी के बताए अनुसार जमा कर दिए। कुछ समय बाद जब उसे ठगी का अहसास हुआ तो पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कभी धूप-कभी बादल से बढ़ी किसानों की चिंता

- **बारिश के डर से तेज हुई गेहूं कटाई।**
- **कंबाइन मशीन का हो रहा है अधिक प्रयोग।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंता बढ़ा रखी है। कभी तेज धूप तो कभी अचानक बादल छा जाने की स्थिति से गेहूं की फसल पर संकट मंडराने लगा है। बारिश की आशंका को देखते हुए किसान अब तेजी से गेहूं की कटाई में जुट गए हैं ताकि फसल को किसी संभावित नुकसान से बचाया जा सके। किसानों का कहना है कि यदि इस समय बारिश हो जाती है तो कटी हुई या खड़ी फसल दोनों को नुकसान हो सकता है। यही कारण है कि किसान जोखिम उठाने के बजाय जल्द से जल्द कटाई पूरी करना चाहते हैं। इस भागदौड़ में अब पारंपरिक तरीके से मजदूरों के जरिए कटाई कराने के बजाय मशीनों का उपयोग तेजी से बढ़ा है।कई किसानों का मानना है कि मजदूरों से गेहूं की कटाई में अधिक समय लगता है जबकि मौसम हर पल बदल रहा है। ऐसे में कंबाइन मशीनों के जरिए कम समय में ज्यादा क्षेत्र की कटाई संभव हो पा रही है। इससे न केवल समय की बचत हो रही है बल्कि संभावित बारिश से फसल को बचाने में भी मदद मिल रही है। हालांकि कुछ छोटे किसान अभी भी मजदूरों के सहारे ही कटाई कर रहे हैं लेकिन वे भी मौसम को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि मौसम साफ रहा तो नुकसान से बचा जा सकता है लेकिन लगातार बदलते हालात ने उनकी परेशानी बढ़ा दी है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि इस समय फसल पूरी तरह पक चुकी है, इसलिए जल्द कटाई करना ही बेहतर विकल्प है। उन्होंने किसानों को मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखते हुए फसल की कटाई और भंडारण समय से पूरा करने की सलाह दी है। मौसम का कोई भरोसा नहीं है, कभी धूप तो कभी बादल आ जाते हैं। बारिश के डर से हम लोग तेजी से गेहूं की कटाई कर रहे हैं और जहां संभव है मशीन का सहारा ले रहे हैं। मजदूरों से कटाई में समय ज्यादा लगता है इसलिए इस बार कंबाइन मशीन का इस्तेमाल कर रहे हैं ताकि फसल जल्दी सुरक्षित हो जाए और बारिश से नुकसान भी न हो।

# मिशन शक्ति अभियान में किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** मिशन शक्ति फेस 5.2 के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम लोकेश कुमार, रविता द्वारा थाना थानाभवन के ग्राम मंनटी हसनपुर के माध्यमिक स्कूल में बालिकाओं व महिलाओं को तीन नए आपराधिक कानूनों के प्रति जागरुकता अभियान चलाकर आपराधिक कानूनों से महिलाओं को सशक्तिकरण साइबर क्राइम धोखाधड़ी छेड़खानी बाल अपराध तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं सम्वधी व हेल्पलाइन नंबर जैसे 1090 वूमेन पावर 181 महिला



हेल्पलाइन 112 पुलिस आपातक. ालीन सेवा 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108 एंबुलेंस सेवा तथा आदि योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना समूह विवाह योजना व ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया । प्राइमरी स्कूल के सामने जलभराव व कूड़े का ढेर, बच्चों और राहगीरों की बढ़ी मुश्किलें।

## रिक्शा को लेकर हुए विवाद में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना क्षेत्र के मोहल्ला आल कला निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 9 अप्रैल को अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दिल्ली से ट्रेन द्वारा शाम करीब 4 बजे शामली रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद वह एक रिक्शा में बैठ गए, लेकिन चालक अन्य सवारियां लेने के लिए वापस स्टेशन की ओर चला गया। जल्दबाजी के चलते संदीप अपने परिवार सहित दूसरे रिक्शा में बैठ गए। इसी दौरान पहले वाला रिक्शा चालक सुमित वहां पहुंच गया और उन्हें अपने रिक्शा में बैठने के लिए दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने संदीप के साथ मारपीट शुरू कर दी और घूंसे मारकर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी के साथ भी गाली-गलौज की गई। पीड़ित के अनुसार कुछ ही देर में रिक्शा मालिक शिवम भी मौके पर पहुंच गया और उसने भी मारपीट में साथ देते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना में संदीप के नाक व माथे पर चोटें आई हैं। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कीचड़ और गंदगी के बीच स्कूल जाने को मजबूर छात्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव लतीफगढ़ स्थित प्राइमरी स्कूल के सामने जलभराव और कूड़े के ढेर ने गंभीर समस्या का रूप ले लिया है। हालात ऐसे हैं कि छोटे-छोटे बच्चों को कीचड़ और गंदगी के बीच से होकर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है, जिससे न केवल उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। इस समस्या को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

बताया जा रहा है कि स्कूल के मुख्य द्वार के ठीक सामने पिछले कई दिनों से पानी जमा है। जलभराव के कारण सड़क पर कीचड़ फैल गया है और उसी के बीच कूड़े का ढेर भी लगा हुआ है। ऐसे में बच्चों को रोजाना इसी गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। बारिश या पानी भरने के बाद स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे कई बार बच्चे फिसलकर गिर भी जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्कूल आने वाले बच्चों के अभिभावक इस स्थिति से खासे नाराज हैं। उनका कहना है कि छोटे बच्चों को इस तरह के अस्वच्छ माहौल में भेजना मजबूरी बन गया है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा लगातार बना रहता है। राहगीरों के लिए भी यह मार्ग परेशानी का सबब बना हुआ है। सड़क पर फैले कीचड़ और गड्ढो में भरे पानी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध ने आसपास के वातावरण को दूषित कर दिया है, जिससे लोगों का जीना बुवार हो रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए और कूड़े के ढेर को हटवाकर नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस संबंध में अधिकारियों का कहना है कि मामले की जानकारी लेकर जल्द ही समाधान कराया जाएगा। ग्रामीणों को उम्मीद है कि प्रशासन जल्द कदम उठाएगा, ताकि बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके।



मुझे जानकारी हुई है दो दिन में वहाँ से जेसीबी से कूड़ा हटवा दिया जाएगा और जलभराव की उचित व्यवस्था की जाएगी।

**इसरार, ग्राम प्रधान, लतीफ़गढ़।**



स्कूल के सामने हमेशा पानी भरा रहता है, बच्चों को मजबूरी में इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**पायल।**



बच्चे रोज गंदे पानी और कूड़े के बीच से स्कूल जाते हैं, जिससे बीमारी का खतरा बना रहता है, प्रशासन को जल्द समाधान करना चाहिए।-

**कृष्ण कुमार।**

# कार की चपेट में आए बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत

**घटना में घायल हुए दो लोगों का अस्पताल में चल रहा उपचार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** खेड़ा अफगान में शुक्रवार रात कार और बाइक की जोरदार टक्कर में 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दो अन्य घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है।

शुक्रवार की रात करीब दस बजे गांव खेड़ा अफगान में फदपुरी रोड स्थित ईदगाह के पास सहारनपुर की ओर से आ रही कार और बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान खेड़ा अफगान निवासी अहमद मलिक (22 वर्ष, पुत्र मकसूद) की मौत हो गई। अहमद और उसका साथी मुजम्मिल पुत्र अत्ताउल्लाह खान दोनों इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक थे और रात में बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे।कार सवार घायल राहुल पुत्र अजब सिंह, अंबेहटा निवासी है, जो कार सवार था। मुजम्मिल और राहुल का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

# जयवीर के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा जयवीर उर्फ मोनू को भाकियू टिकैत का युवा विंग का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। जयवीर ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा क्षेत्र के गाँव घसौती निवासी जयवीर उर्फ मोनू पुत्र रोशन लाल को सहारनपुर का युवा विंग जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।जयवीर के मनोनयन की पर जिला उपाध्यक्ष प्रदीप पँवार व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मवीर गुर्जर ने कहा कि जयवीर संघर्षशील व्यक्ति हैं जो किसानों और मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी संघर्ष से पीछे नहीं हटते।जयवीर ने सेवाभाव, मेहनत और लगन से किसानों के दिल में अपना विशेष स्थान बनाया है।

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जयवीर उर्फ मोनू ने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास मुझ पर जताया है उस खरा साबित होऊँगा।संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।उन्होंने कहा कि किसानों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा।किसानों के हित के लिए वह कोई भी संघर्ष करने से पीछे नहीं हटेंगे।

# अनियंत्रित बस पेड़ से टकराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** हरिद्वार से सहारनपुर जा रही छुटमलपुर डिपो की रोडवेज बस, ओवरटेक के चक्कर में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई, आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हुए। घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

शनिवार दोपहर बाद हरिद्वार से सहारनपुर जा रही रोडवेज बस कैलाशपुर के निकट ओवरटेक कर रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रही रोडवेज बस को बचाने के चक्कर में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। जिससे बस में सवार आधा दर्जन से भी अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है।

# कब्रिस्तान से मिला चोट लगा शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** गांव कैलाशपुर में कब्रिस्तान के पास शरीर पर चोट लगा शव मिला, शव की पहचान नही हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

शनिवार दोपहर गांव के कब्रिस्तान के पास अज्ञात शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस व एसओ धर्मेंद्र कुमार ने शव पहचान कराने का प्रयास किया। घटना की जांच में जुट गई - फॉरेंसिक टीम ने गहनता से जांच की। मृतक के शरीर पर चोट के निशान देख कर मामला संदिग्ध लग रहा है।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, जो तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# रैली से दिया बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का संदेश




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय मलकपुर में समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल स्कूली बच्चों ने गांव की गलियों में भ्रमण कर शिक्षा से दूर रह रहे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का संदेश दिया साथ ही अभिभावकों को नामांकन के लिए प्रेरित भी किया।

कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कुलदीप सिंह रोहिला ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें यूनिफॉर्म, जूते, जुराब, मिड डे मील, स्मार्ट क्लास, फल एवं दूध जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है इसलिए अभिभावक अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला अवश्य कराए। रैली में बच्चों ने जब तक बच्चा पढ़ा नहीं, दवा जहर का पता नही, जैसे नारों के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया इसके अलावा लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर दीपा रानी, आकाश, रीता, बबीता सहित विद्यालय स्टाफ और गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।


# बड़कला चौकी क्षेत्र में धड़ल्ले से चल रहा नशे का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर के अंतर्गत बड़कला चौकी क्षेत्र में नशे का अवैध कारोबार दिन-दुगनी रात चौगुनी तेजी से फल-फूल रहा है विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार इस क्षेत्र में नशे की तस्करी और सेवन का सिलसिला इतना बढ़ गया है कि अब यह पूरे इलाके के लिए गंभीर समस्या बन चुका है

सूत्रों का कहना है कि बड़कला चौकी क्षेत्र में नशे का यह धंधा क्यों इस कदर जोर-शोर से चल रहा है, यह स्वयं में एक जांच का विषय बन गया है अधिकांश परिवार इस बात से बेहद परेशान हैं और नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों से तुरंत हस्तक्षेप की अपील की है

ग्रामीणों ने बताया कि नशे की लत पूरी करने के लिए युवा अब चोरी, डकैती जैसी आपराधिक घटनाओं में भी लिप्त हो रहे हैं कई परिवारों ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि नशेड़ी युवक घर की छोटी मोटी चीजें चुराकर नशे का सामान खरीद रहे हैं जिससे घरेलू कलह और आर्थिक संकट दोनों बढ़ गए हैं



अधिकतर स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि इस पूरे मामले में क्षेत्रीय बड़कला चौकी पुलिस की लापरवाही और नाकामी मुख्य कारण है उनके अनुसार पुलिस अगर चाहे तो इस कारोबार पर आसानी से लगाम लगाई जा सकती है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आ रही है

खास बात यह है कि जिले में चलाए गए ऑपरेशन सवेरा के बावजूद बड़कला चौकी क्षेत्र में नशे का कारोबार थमा नहीं है सूत्रों का आरोप है कि चौकी इंचार्ज की नाकामी के चलते ऑपरेशन के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।

प्रभावित परिवारों ने प्रशासन और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से अपील की है कि वे इस मामले में तुरंत संज्ञान लें बड़कला चौकी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर नशे के कारोबारियों पर सख्त कार्रवाई करें और युवाओं को इस खतरनाक लत से बचाएं। नशा मुक्ति केंद्रों की मदद से जागरूकता अभियान चलाने की भी मांग की गई है ताकि युवा इस दीमक से बच सकें।

ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में अपराध और परिवारिक विघटन की घटनाएं और बढ़ेंगी प्रशासन से अपेक्षा है कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए।

# नाजिम को बनाया गाडा समाज का तहसील सदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम पैरागपुर में पूर्व प्रधान नाजिम के आवास पर गाड़ा बिरादरी अंजुमन के तत्वावधान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नाजिम प्रधान को गाड़ा अंजुमन का तहसील सदर बनाये जाने की घोषणा की गई।

शनिवार को आयोजित गाडा समाज की बैठक में समाज की एकता, शैक्षिक और सामाजिक उत्थान के साथ-साथ नए नेतृत्व के चयन को लेकर गंभीर मंथन हुआ। कार्यक्रम की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि नाजिम पैरागपुर को सर्वसम्मति से तहसील का सदर चुना जाना रही। गाड़ा अंजुमन के सदर सिकंदर



अली ने नवनियुक्त सदर नाजिम प्रधान को मनोनयन पत्र सौंपकर तथा माला पहनाकर सम्मानित किया।

जिससे कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए एक मजबूत और ईमानदार अंजुमन का होना अनिवार्य है। इस दौरान समाज के सभी जिम्मेदार लोगों ने बिरादरी के कमजोर वर्गों की मदद और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर तबरेज आलम रुड़की, मोहसिन प्रधान सलीरी, हसीबुर्रहमान मलकपुर, अनीस कातला, शाहिद हसन भोजपुर, बख्ते मुनीर सालीरी, हाफिज मुस्तकीम सुचेला, अमजद अली चिलकाना, इरशाद पठेड, अकरम सालीरी, सज्जाद वकील, हाजी मुख्तियार संगमौर, अब्दुल अलीम बुड्ढाखेड़ा, इरफान सरूरपुर, इंतखाब अली पैरागपुर, इसरार मलकपुर, आबिद मो. हनपुर, कुलशाद हुसैन, नदीम फतेहपुर, शादाब प्रधान पैरागपुर, गुफरान प्रधान सलीरी मोहतरम दतौली रांघड़ मौजूद रहे।

## मीटर बदलवाने की मांग

**चिलकाना।** मोहल्ला मजहर हसन निवासी पीड़ित विद्युत उपभोक्ता द्वारा उसके घर पर लगे विद्युत मीटर में चल रही गड़बड़ी की शिकायत पर विद्युत उपखंड अधिकारी द्वारा कोई संज्ञान न लिए जाने की बात कहते हुए विद्युत अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर मीटर बदलवाए जाने की मांग की गई है।

पीड़ित उपभोक्ता लियाकत पुत्र जिंदा हसन ने विद्युत अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर बताया है कि उसके घर पर दो स्मार्ट मीटर लगे हुए हैं जिनके बिलों में गड़बड़ चल रही है। आरोप है कि यह दोनो स्मार्ट मीटर उसकी बिना सहमति के लगाए गए है। पीड़ित का कहना है कि जो विद्युत मीटर उसके घर पर पहले लगे हुए थे तब बिल ठीक आते थे।

# पीएम मोदी से मिलेंगे किसान: आसिम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट की बैठक में किसानों की समस्या व प्रदेश में बढते भ्रष्टाचार को लेकर 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया।

पश्चिम उत्तर प्रदेश कैंप कार्यालय पर आयोजित बैठक में पश्चिम उत्तर प्रदेश के महासचिव आसिम ने कहा कि किसानो का बकाया भुगतान को लेकर भुगतान चीनी मील में घटतोली व बिजली की समस्याओ को लेकर प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है जिस पर कोई भी लगाम नहीं है। भारत एक कृषि प्रधान देश यदि इस देश कोई दुखी है तो देश का अन्नदाता किसान है, किसानो को उनकी फसलो का लाभकारी मूल्य तो दूर की बात सरकार लागत मूल्य भी नहीं दे पा रही है। बैठक में शाहजेब राव, अर्सलान, इस्माइल खघन, आरिश राव, गौरव शर्मा, समीर, खालिद मलिक, शोकीन अंकुर कुमार, अक्षय कुमार, अजीत सिंह अब्दुला मालिक, जुहैब, ताहिर, मंसूर, पंकज आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता उत्तरखंड के प्रदेश महासचिव फिरोज खान ने की।

# कॉलेज से लौट रही छात्रा सड़क हादसे का शिकार

**चिलकाना।** तेज रफ्तार बाइक ने स्कूल से घर लौट रही छात्रा को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए जुट गए। वहीं इस हादसे में बाइक चालक युवक भी घायल हुआ है।

ग्राम दस्सा माजरा निवासी कक्षा 9 की छात्रा सुलेखा अपनी सहेलियों के साथ कॉलेज से वापस अपने घर जा रही थी। इसी दौरान सुल्तानपुर-आहड़ी मार्ग पर कालू माजरा रोड के समीप सामने से आ रही एक बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई और छात्रा से जा टकराई, जिसमें छात्रा को गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलते ही कॉलेज प्रशासन मौके पर पहुंचा तथा परिजनों को जानकारी दी। आनन-फानन में छात्रा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। उधर बाइक चला रहा युवक सचिन पुत्र सोधाराम निवासी घाटहेड़ा भी दुर्घटना में घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक चालक को सीएचसी सुल्तानपुर भिजवाया। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# छुटमलपुर में अतिक्रमण को लेकर नगर पंचायत बनी कुम्भकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** कस्बे में दिन-प्रतिदिन अतिक्रमण की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है मुख्य सड़कों हाईवे किनारे बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर दुकानें, ढाबे, अस्थायी निर्माण और अतिक्रमणकारी बिना किसी रोक-टोक के फैलते जा रहे हैं। इससे यातायात बुरी तरह जाम हो रहा है पैदल चलने वालों को मुश्किल हो रही है और आपात स्थिति में एंबुलेंस या फायर ब्रिगेड जैसी सेवाओं के पहुं. चने में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है।

ग्रामीण लगातार मौखिक शिकायत कर रहे हैं कि अतिक्रमण के कारण साप्ताहिक बाजार या सामान्य दिनों में भी कस्बे का यातायात ठप हो जाता है रोड तक फैले अतिक्रमण ने आम जनजीवन को अस्तव्यस्त कर रखा है। कई बार छोटी-मोटी झड़पें और विवाद भी हो चुके हैं, लेकिन प्रशासन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं कर पाया है। नगर पंचायत प्रशासन इस पूरे



मामले में पूरी तरह से निष्क्रिय दिख रहा है जैसे कुंभकरण की नींद सोया हो, वैसे ही अधिकारी चुपचाप बैठे हैं न तो नियमित सर्वे हो रहा है, न अतिक्रमण हटाने के लिए प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है। कभी कभार छोटी मोटी कार्रवाई या नोटिस जारी करने तक सीमित रह जाती है, जो बाद में रफ्तार पकड़ नहीं पाती। भ्रष्टाचार के आरोप भी समय-समय पर लगते रहते हैं, जिससे आम लोगों में प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण पर अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है। सड़क दुर्घटना, आग लगने जैसी स्थिति या भारी जाम में फंसकर किसी की जान जा सकती है। छुटमलपुर जैसे छोटे कस्बे में भी सुव्यवस्थित विकास की जरूरत है, जहां सार्वजनिक भूमि पर कब्जा करने वालों पर सख्ती बरती जाए।नगर पंचायत के अधिकारियों को तुरंत जागना चाहिए। विशेष टीम गठित कर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाए। साथ ही, भविष्य में ऐसे निर्माणों पर सख्त नजर रखी जाए। स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधियों को भी इस मुद्दे पर सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, ताकि छुटमलपुर सुंदर और सुव्यवस्थित कस्बा बन सके।

## प्रशिक्षण शिविर का सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ समापन

**गंगोह।** लाला किशनचंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे त्रिदिवसीय रोवर रेंजर के विशेष प्रवेश प्रशिक्षण शिविर का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच समापन हो गया है। शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ अंकित सैनी और प्राचार्य डॉ ऋषिपाल सिंह ने ध्वजारोहण से की। अतिथिगण ने विभिन्न टोलियो के द्वारा बनाए गए टेंट और रंगोली का निरीक्षण किया। जिसमें टेंट में महाराष्ट्र प्रथम, उत्तर प्रदेश द्वितीय, और पंजाब तृतीय स्थान पर रहा। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में पंजाब प्रथम, गुजरात द्वितीय और हरियाणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**चुनाव कार्यक्रम की अधिसूचना**

स्वामी कल्याण देव विश्वकर्मा महिला डिग्री कॉलेज, निकट मनानी रेलवे क्रॉसिंग, दिल्ली रोड, सहारनपुर की आम सभा (मात्र संस्था के मुख्य कार्यकारिणी की पंजीकृत कमेटी) के सभी विधि मान्य सदस्यों को निर्धारित चुनाव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सादर सूचित किया जाता है। **चुनाव स्थल**- स्वामी कल्याण देव विश्वकर्मा महिला डिग्री कॉलेज, निकट मनानी रेलवे क्रॉसिंग, दिल्ली रोड, सहारनपुर। यह चुनाव कुल ग्यारह पदों हेतु अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उप सचिव, कोषाध्यक्ष तथा छ: सदस्यों पर होगा।

**चुनाव कार्यक्रम**

1-मतदाता सूची का प्रदर्शन, दिनांक 25.04.2026, सुबह 10 बजे से 11 बजे तक, 2-मतदाता सूची पर आपत्ति, दिनांक 25.04.2026, सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक, 3-संशोधित मतदाता सूची का प्रदर्शन, दिनांक 25.04.2026, दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक, 4-नामांकन एवं नामांकन पत्रों की जांच, दिनांक 26.04.2026, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, 5-नामांकन पत्रों की वापसी, दिनांक 26.04.2026, दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक, 6-प्रत्याशियों की घोषणा एवं चुनाव चिन्ह का आवंटन, दिनांक 26.04.2026, दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक, 7-मतदान यदि आवश्यक हुआ, दिनांक 27.04.2026, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक, 8-मतपत्रों की गणना एवं परिणाम की घोषणा, दिनांक 27.04.2026, दोपहर 2 बजे से परिणाम की घोषणा तक।

**चुनाव अधिकारी, सचिन कुमार सैनी अधिवक्ता**
**चेम्बर नं. 288, सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो. नं. 9368536521**

# ज्योतिबा फुले के आदर्श अपनाएं: श्वेता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के आदर्शों पर चलकर शिक्षा, समानता एवं न्याय के संदेश का प्रसार करना चाहिए।

मौहल्ला इकराम स्थित राखी के आवास पर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी के नेतृत्व में महान समाज सुधारक एवं शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती बहुत ही श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रीमती श्वेता सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में व्याप्त कुरीतियों, छुआछूत एवं भेदभाव के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने महिला शिक्षा एवं सामाजिक समानता के लिए जो कार्य किए, वह आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। श्रीमती श्वेता सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे समाज में शिक्षा, समानता एवं न्याय के संदेश को आगे बढ़ाएं और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर महिला कांग्रेस पदाधिकारी एवं उपस्थित कार्यकर्ताओ ने मिलकर महात्मा ज्योतिबा फुले के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान राखी, पूजा, तृप्ति, प्रीति, रेखा सहित उपस्थित रही।

# सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** गंगोह करनाल हाईवे पर दूधला बिजलीघर के समीप हुई सडक दुर्घटना में गांव मछरौली निवासी एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

गांव मछरौली निवासी सोमपाल पुत्र सुखवीर 50 वर्ष का शुक्रवार की देर सायं लगभग नौ बजे दर्दनाक सड़क हादसे में निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा करनाल हाईवे पर दूधला बिजली घर के समीप घटित हुआ। बतायाः जाता है कि सोमपाल किसी हलवाई के साथ लेबर का कार्य करता था, जो बीती रात काम से पैदल ही लौट रहा था और उसने किसी बाईक सवार से लिफ्ट ली और बिजलीघर से आगे निकलते ही अचानक डिसबैलेंस होकर सडक पर गिर पडा, पीछे से तेज गति से आते वाहन ने उसे टक्कर मारदी। इस दौरान बाईक सवार मौके से निकल गया। लोगों का कहना है कि हादसा इतना गंभीर था कि सोमपाल की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों ने पुलिस को सूचित किया, सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। इस दुखद घटना से गांव मछरौली में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के तीन बच्चे है, दो बडी लडकियों की तो उसने शादी करदी थी। जबकि तीसरा लडका 14 साल का है, जो गांव में ही पढ रहा है।

# हर्षोल्लास से मनाया स्कूल का वार्षिकोत्सव




**चिलकाना।** मुकुंद लाल पब्लिक स्कूल दौलतपुर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान स्कूल का परीक्षाफल घोषित कर मेधावी बच्चों को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे टोडरपुर चौकी प्रभारी सुखवीर सिंह, विनोद प्रधान व स्कूल प्रधानाचार्य सेठपाल सैनी ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए चौकी प्रभारी सुखबीर सिंह ने कहा कि आज का बच्चा ही कल देश का भविष्य बनकर उभरेगा और इस विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करेगा।

उन्होंने सभी बच्चों को मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के परीक्षा में अच्छे अंक आये हैं वह अतिउत्साहित न हो बल्कि और अधिक बेहतर करने की कोशिश करे। जिन बच्चों के कम अंक आये है वह निराश न होकर कड़ी मेहनत करें और अग्रिम परीक्षा में अच्छे अंकों से पास होकर अपने स्कूल व परिजनों का नाम रोशन करें। इस अवसर पर प्रधान मुबारिक चौधरी, राव जियाउलहक, बिजेंद्र कुमार, सागर, आशीष, उपेक्षा,काजल, नेहा , खुशी, आशु, रिमझिम, ललित आदि उपस्थित रहे।

# वक्ताओं ने की केंद्र सरकार से महात्मा ज्योति राव फुले को भारत रत्न सम्मान देने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिविल कोर्ट परिसर में महात्मा ज्योति राव फुले की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। वक्ताओं ने केंद्र सरकार से महात्मा ज्योति राव फुले को भारत रत्न सम्मान देने की मांग की।

शनिवार को आयोजित हुए जयंती कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने ज्योति राव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान अधिवक्ता राम किशन सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योति राव फुले और उनकी पत्नि माता सावित्री बाई फुले ने मिलकर महिला शिक्षा, शोषित, वंचितों, दलितों, अति दलितों, पिछड़ों, महिला उत्थान के लिए जीवन पर्यंत कार्य किया। उनका जन्म 11 अप्रैल 1827 को महाराष्ट्र में हुआ। उन्होंने 1848 में पहला महिला विद्यालय खोला और सन् 1873 में सत्य शोधक समाज की स्थापना की। वीरेंद्र सैनी, कुलदीप सैनी, शंभू सैनी, सुशील सैनी, मदन सिंह, नितिन सैनी, सुखपाल सैनी, रामसिंह सैनी आदि शामिल रहे।



# आधे शहर और देहात की रहेगी बत्ती गुल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अनुरक्षण कार्य के चलते रविवार को आधे शहर और देहात की बत्ती सुबह से लेकर दोपहर तक गुल रहेगी। विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही ने बताया कि सांपला रोड स्थित 33केवी विद्युत उपकेंद्र पर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर (वीसीबी) बदलने और कंट्रोल रुम के अनुरक्षण का कार्य प्रस्तावित है। सिस्टम को अपडेट करने और गर्मी के मौसम में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए यह शटडाउन लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रखरखाव के चलते सुबह नौ बजे से दोपहर एक बजे तक टाउन फीडर रेलवे रोड, एसडीएम कोर्ट, गंगा शुगर समेत फुलास और सांपला फीडर बंद रहेंगे।

# बालिकाओं को सशक्त बनाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके तहत छात्राओं को बालिका सुरक्षा, हिंसा रोकथाम आदि के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई।

राजकीय मॉडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर परिसर में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रवक्ता डॉ. मदन पाल सिंह ने कहा कि बालिकाओं को सशक्त बनाना सामाजिक जिम्मेदारी है। उन्होंने छात्राओं को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 1098 चाइल्ड लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और 112 इमरजेंसी तत्काल सहायता प्रदान करती हैं। इन्हें याद रखा जाना जरूरी है।

इस दौरान छात्राओं ने घरेलू हिंसा, यौन शोषण और साइबर क्राइम आदि से संबंधित विभिन्न सवाल भी किए। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार, डॉ. पूर्णिमा सिंह, डॉ. त्रिसुख सिंह, डॉ. रेणु रानी, डॉ. धीर सिंह व डॉ. सचिन कुमार आदि शामिल रहे।



# हिंदू एकता को बढ़ावा देने और सनातन धर्म की रक्षा पर किया मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। इसमें हिंदू एकता को बढ़ावा देने पर बल देने के साथ ही सनातन धर्म की रक्षा से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

चंदेना कोली गांव में शिव मंदिर में आयोजित बैठक में प्रांत संगठन महामंत्री प्रमोद कुमार ने कहा गया कि वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में संगठन की भूमिका को सक्रिय एवं प्रभावी बनाए रखना होगा। इसके लिए हम सभी को एक साथ मजबूती से प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की गतिविधियों को व्यवस्थित रुप से संचालित करने के लिए कार्यकर्ताओं को जो दायित्व सौंपे गए हैं उन्हें अपना परम कर्तव्य मानते हुए संगठन के अनुरूप कार्य करना चाहिए। प्रमोद कुमार ने आह्वान किया कि समय-समय पर हमारे युवा इस प्रकार की बैठक का आयोजन करें ताकि जागरुकता और सामाजिक समरसता बनी रहे। राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत महामंत्री बृजेश राणा ने कहा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सभी समाज के हर स्तर पर पहुंचकर लोगों को संगठन से जोड़ते हुए सनातन को मजबूती प्रदान करने का काम करें। इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष विकास सैनी, तहसील अध्यक्ष गर्वित चौधरी, ओजस्विनी सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजलि आदि शामिल रहे।

# बारिश से तबाह हुई फसलों का किसानों को मिले मुआवजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने बीडीओ अमित नारंग को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के तहसील अध्यक्ष चौधरी पहल सिंह और ब्लाक अध्यक्ष चौधरी ललित कुमार के नेतृत्व में बीडीओ को दिए ज्ञापन में किसानों ने कहा कि बेमौसम बरसात से गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, लेकिन अभी तक पीडित किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया है। कहा कि सरकारी कार्यालयों में कर्मचारी किसानों का जमकर शोषण कर रहे है, जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बेसहारा पशु किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है, लेकिन शासन प्रशासन स्तर पर इन्हें पकडने की कोई व्यवस्था नहीं है। ज्ञापन में बरसात से बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर पीडिघ्त किसानों को मुआवजा दिलाने, आवारा पशुओं को गोशाला छोड़े जाने, ऊर्जा निगम और तहसील कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे किसानों के शोषण को बंद कराए जाने आदि मांगें की गई। इस मौके पर नागल ब्लाक अध्यक्ष गगन चौधरी, रूचिन कुमार व ईश्वरचंद आर्य समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।



# एटीएस ने देर शाम छात्र को किया परिजनों के हवाले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** खुफिया इनपुट पर देवबंद एटीएस टीम द्वारा सहारनपुर निवासी मुफ्ती जाकिर की गिरफ्तारी एवं देवबंद कोतवाली क्षेत्र से छुट्टियों में घर आए एक छात्र को शुक्रवार को हिरासत में लिया गया था। जहां सहारनपुर निवासी मुफ्ती जाकिर के खिलाफ देवबंद कोतवाली में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया वहीं कोतवाली क्षेत्र निवासी छात्र को देर शाम उसके परिजनो के हवाले कर दिया गया। बताया जाता है कि उक्त छात्र के साथ दिन भर एटीएस द्वारा गहनता से पूछताछ की गई और उसके मोबाइल की भी जांच की गई। लेकिन उसके खिलाफ किसी तरह का मामला न बनता देख उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। सूत्रों की माने तो छात्र अमेरिका ईरान युद्ध के दौरान ईरान के समर्थन में सोशल मीडिया में टिप्पणिया की थी जिसके चलते वह एटीएस के रड़ार पर आया था। लेकिन उसका कोई आपत्तिजनक कनेक्शन नहीं मिला।

बताया जाता है कि एटीएस के रडार पर देवबंद क्षेत्र के 100 से ज्यादा नबंर हैं जिनकी जांच की जा रही है। जिनमे कई नबंर सोशल मीडिया में आई लव मोहम्मद के समर्थन, यूजीसी और एसआईआर के खिलाफ टिप्पणियं एवं अमेरिका-इजराइल और ईरान युद्ध को लेकर ईरान के समर्थन में की गई टिप्पणी शामिल हैं।

# इस्लामी विद्वान मौलाना यासिर की पुस्तक का उलेमा ने किया विमोचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान मौलाना यासिर नदीमुलवाजदी की पुस्तक तहाफतुलमलाहिदा का विमोचन उलेमा के हाथों हुआ। उलमा ने पुस्तक की एहमियत पर रोशनी डाली और मुफ्ती यासिर द्वारा लेखन और इस्लाम के प्रचार प्रसार को किए जा रहे कार्यों की जमकर तारीफ की।

खानकाह मुहल्ला स्थित फिरदोस गार्डन में हुए कार्यक्रम में दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी ने कहा कि आज पश्चिमी सभ्यता ने हमारे सामाजिक ताने बाने को बिगाडने को काम कर रही है। खासतौर पर हमारे नौजवान तेजी से इस तरफ आकर्षित हो रहे है। कहा कि मौलाना यासिर की यह पुस्तक हमारे नौजवानों के लिए बेहद कारगर साबित होगी। इसमें इस्लाम के रास्ते पर चलते हुए जिंदगी गुजारने समेत अन्य धार्मिक बिंदुओं को समाहित किया गया है। दारुल उलूम नदवातुल उलमा के उस्ताद ए हदीस मौलाना अतीकुर्रहमान बस्तवी, अलखैर फाउंडेशन ब्रिटेन के चेयरमैन मौलाना कासिम रशीद, डा. मोहम्मद अशरफ इब्राहीम साऊथ अफ्रीका और अमेरिका के शिकागो से आए मौलाना कारी अब्दुल्ला सलीम कासमी ने भी मौलाना यासिर नदीम की धार्मिक व इल्मी खिदमात को सराहा और समाज से इस्लाम की सुरक्षा के लिए कुरान की शिक्षा को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। दारुल उलूम के उस्ताद मौलाना शौकत बस्तवी व मौलाना सलमान बिजनौरी ने भी विचार रखें। पुस्तक के लेखक मौलाना यासिर ने पुस्तक के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी का आभार जताया। इस दौरान आनलाइन शिक्षा पूर्ण करने वाले 122 छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। संचालन मौलाना महमूद सिद्दीकी ने किया। मौलाना शकैब कासमी, अहमद नदीम, डा. नवाज देवबंदी, मौलाना हबीबुल्लह मदनी, डा. अनवर सईद, सुहैल सिद्दीकी समेत काफी संख्या में मदरसा छात्र शामिल रहे।





# निजी स्कूलों में कोर्स व ड्रेस की बढ़ती कीमतों से अभिभावकों में चिंता

**स्योहारा।** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्योहारा नगर एवं आसपास क्षेत्र के निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों की परेशानियां बढ़ती नजर आ रही हैं। अभिभावकों का कहना है कि हर वर्ष किताबों कॉपियों स्कूल बैग और यूनिफॉर्म की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे शिक्षा का खर्च आम परिवारों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। अभिभावकों के अनुसार बच्चों के प्रवेश के बाद सबसे अधिक आर्थिक दबाव किताबों और ड्रेस की खरीदारी के समय पड़ता है कई अभिभावकों का कहना है कि कुछ निजी विद्यालयों से संबंधित निर्धारित दुकानों पर ही किताबें और यूनिफॉर्म उपलब्ध कराई जाती हैं तथा स्कूल प्रबंधन द्वारा वहीं से सामान खरीदने की सलाह दी जाती है। ऐसे में अभिभावकों के पास बाजार से अपनी सुविधा अनुसार सामान खरीदने का विकल्प सीमित हो जाता है। अभिभावकों का कहना है कि बाजार में मिलने वाली सामग्री की तुलना में निर्धारित दुकानों पर सामान महंगा मिलने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। लगातार बढ़ती महंगाई के बीच शिक्षा से जुड़े खर्चों में वृद्धि मध्यम वर्ग मजदूर और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए चिंता का विषय बन गई है।

# पुलिस को कैसे चकमा दे गया संदिग्ध आतंकी समीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** आतंकी गिरोह से जुड़ा समीर उर्फ रूहान पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। उसके फरार होने से पुलिस सतर्क होकर उसकी तलाश में जुटी है।

गौरतलब है कि नवंबर माह में सोशल मीडिया पर आतंकी आका आकिब का वीडियो वायरल होने और लखनऊ एटीएस द्वारा चार संदिग्ध आतंकी की गिरफ्तारी के बाद से बिजनौर पुलिस पर सवालिया निशान लगने के बाद पुलिस इस आतंकी नेटवर्क के खुलासे में जी जान से जुटी है।

आज पुलिस ने आतंकी गिरोह से जुड़े उवैद मलिक पुत्र रहीश निवासी टांडा माई दास थाना नगीना देहात और जलाल हैदर उर्फ समीर पुत्र अकरम निवासी बुलचंदपुर उर्फ मुड़ा खेड़ा थाना नजीबाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वहीं समीर उर्फ रूहान निवासी निकट सुल्ताना डाकू का किला थाना नजीबाबाद अपना नाम उजागर होने की भनक लगते ही घर से फरार हो गया। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश में लगी है।

## जलाल हैदर गुजरात में समीर से हुआ था संपर्क

फरार संदिग्ध आतंकी समीर उर्फ रूहान निवासी निकट सुल्ताना डाकू का किला थाना नजीबाबाद जनपद बिजनौर गुजरात के सूरत शहर में सैलून पर कार्य करता था और आतंकी सरगना आकिब जो दुबई में रहता है उसके संपर्क में था। सूरत में ही समीर ने अपने नेटवर्क में पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आतंकी जलाल हैदर उर्फ समीर से हुई थी।

## नेपाल तो नहीं भाग गया वांछित आरोपी समीर

विदेश में बैठे आतंकी आजाद ने गिरोह से जुड़े लोगों को पुलिस ने बचने के लिए नेपाल भागने की सलाह दी थी, जिसके बाद संदेह है कि आरोपी समीर उर्फ रिहान कही नेपाल तो नहीं भाग गया। लोगों की जुबान पर सवाल बन रहा है कि विदेश में बैठे आतंकी मैजुल, आकिब और आजाद ने अपने विचारों और कट्टरपंथी सोच के चलते कितने लोगों को अपने गिरोह में जोड़ा है। पुलिस ने जांच के चलते गिरोह के कई लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच पूरी होने और विदेश में बैठे आतंकी के गिरफ्तार होने के बाद ही खुलासा होगा कि इन्होंने अपने गिरोह में कितने लोगों को जोड़ रखा है। जिसके पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है।

# आधुनिक तकनीक से खुशहाली संभव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गन्ना खेती को अधिक लाभप्रद बनाने और किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से आज ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक विश्वामित्र पाठक ने विभिन्न गांवों का दौरा किया।

इस दौरान उन्होंने प्रगतिशील किसानों के खेतों पर जाकर गन्ना विकास कार्यों की समीक्षा की और कृषकों को वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। क्षेत्र भ्रमण एवं प्रगतिशील खेती का निरीक्षण दल द्वारा ग्राम चांदपुर, रूपपुर और बसेड़ी में गन्ने की नई किस्मों और उन्नत बुवाई विधियों का जायजा लिया गया।

ग्राम चांदपुर में किसान मौहम्मद आमिर के खेत पर पेयर्ड रो (पयर्ड रॉव ट्रेंच विधि से बोई गई शरदकालीन और बसंतकालीन गन्ने की फसल प्रजाति: कोलक 16202 का अवलोकन किया गया। नई किस्मों पर जोर देते हुए ग्राम रूपपुर में किसान गौरव कुमार द्वारा नई प्रजातियों 16202, 18231 और 19231 के सैपलिंग रोपण की सराहना की गई। साथ ही अजय कुमार के यहां गन्ना विकास की विभिन्न गति. विधियों की समीक्षा की गई।



ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ने किसानों को निम्नलिखित वैज्ञानिक सुझाव दिए देते हुए एकीकृत कीट प्रबंधन वर्तमान मौसम में कीटों के प्रकोप से बचाव हेतु शूट कटिंग और फेरोमोन ट्रैप के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया तथा उन्नत पोषण हेतु पेड़ी (रटून) की फसल में तेजी से बढ़वार के लिए एनपी के फोलियर स्प्रे की सलाह दी गई। मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के लिए हरी खाद (ढैंचा) बोने हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया, साथ ही कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों की बढ़ती भागीदारी भ्रमण के दौरान ग्राम बसेड़ी में पंचशील महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार की जा रही सीडलिंग (सीडलिंग्स) का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि महिला समूहों द्वारा तैयार की गई। जानकारी में बताया कि सिंगल बड सैपलिंग न केवल रोगमुक्त होती है, बल्कि इससे किसानों की लागत में कमी और पैदावार में भारी बढ़ोत्तरी होती है

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गेहूं कटाई के उपरांत खाली खेतों में (मल्टीपल ट्रेंच प्लांटिंग) या साधारण ट्रेंच विधि अपनाना सबसे लाभदायक है। यंत्रीकरण (मैकेनाइजेशन) को बढ़ावा देकर किसान कम श्रम और कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। बसंत कालीन बुवाई के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए चीनी मिल चांदपुर में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में गन्ना प्रबंधक, मिल स्टाफ और परिषद के गन्ना पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# डीएसएम धामपुर ने जीता मैच

**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज धामपुर के मैदान चल रहे सिंदर पाल जुनेजा मेमोरियल टूर्नामेंट का पहला मैच डीएसएम धामपुर व यूथ क्लब धामपुर के बीच हुआ। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीएम धामपुर ने यूथ क्लब को 91 रन का लक्ष्य दिया। जिसमें सौरभ ने 25 रन बनाए, राजेश ने 9 रन, वरून ने 28 रन बनाए। वहीं यूथ क्लब धामपुर की ओर से सलीम अंसारी कप्तान ने 3 विकेट चटकाए। मौहम्मद जमाल ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 4 चौके मारते हुए 26 रन बनाए। गगनदीप सिंह हैप्पी ने 9 रन लक्ष्य का पीछा करते हुए यूथ क्लब 8 रनों से हार गई। दूसरा मैच कांठ क्लब और एनएससी क्लब धामपुर के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए कांठ क्लब ने 8 ओवर में 144 रनों का लक्ष्य दिया। जिसमें सबसे ज्यादा रन दिलशाद ने 7 छक्के व 2 चौको की मदद से 55 रन बनाए, शाकिब ने 25 रन, रिहान ने 10, वही एनएससी क्लब धामपुर 69 रनों पर सिमट गई। तीसरा मैच मिलक जहांगीराबाद व अफगानान क्लब धामपुर के बीच हुआ। मिलक जहांगीराबाद में 8 ओवर में मात्र 89 रन बनाए छोटे स्कोर को भी अफगानान क्लब पार नहीं कर पाए और मात्र 40 रन पर ऑल आउट हो गई। चौथा और अंतिम मैच धामपुर फ्लेम व कांठ क्लब के बीच हुआ। जिसमें कांठ क्लब ने 94 रन बनाए। धामपुर फ्लेम की बहुत ही निराशाजनक बल्लेबाजी रही 47 रन पर सिमट गई और मैच हार गई। वहीं नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मैच कल समाप्त हो गए हैं।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

**नांगल सोती।** सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, सत्यशोधक समाज के संस्थापक दबे-कुचले, शोषित, उपेक्षित दलित पिछड़े वर्ग के मसीहा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन किया गया। ग्राम दिनोड़ी में प्रधान सरोज सैनी के आवास पर आयोजित जयंती कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले को सच्चा समाजसुधारक बताते हुए उनके बताएं आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरी पुत्री नबिया गलत संगत में पड़कर मेरे कहने सुनने में नहीं है मैंने नबिया से अपने संबंध विच्छेद कर लिए अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया भविष्य में इसके किसी भी कार्य के लिए मैं और मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

अकील पुत्र बिलाल
निवासी मोहल्ला गुज्जरवाड़ा
थाना देवबंद (सहारनपुर)

# हाईवे किनारे मिला वृद्धा का शव

**शेरकोट।** हाईवे स्थित एक वृद्धा का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सूचना पर पंहुचे मृतका के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह कुछ महिलाएं खेतों पर जा रही थीं। इसी दौरान सिंघाई की पुलिया के निकट उन्होंने हाईवे से कुछ दूरी पर चकरोड के पास एक महिला का शव पड़ा देखा। महिलाओं ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतका की पहचान उसके पास से मिले आधार कार्ड के आधार पर कश्मीरी देवी (70 वर्ष), पत्नी रामवीर सिंह निवासी नई बस्ती कालागढ़ के रूप में हुई है। पुलिस की सूचना पर पहुंचे मृतका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई।



**सूचना**

मैंने अपना नाम ASHMA PARVEEN से बदलकर ASMA PARVEEN रख लिया है अब भविष्य में मुझे ASMA PARVEEN नाम से ही जाना जाये
ASMA PARVEEN-W/O
MOHAMMAD ZAKIR
ADD-J-450/4 T/F KHIRKI
EXTENSION MALVIYA
NAGAR SOUTH DELHI
PIN 110017

**सूचना**

मैंने अपना नाम MOHD AZAAM से बदल कर MOHD AAZAM रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
MOHD AAZAM
S/O MUJAMEEN
VILL-MANKI DEOBAND
(SAHARANPUR)

# श्रेयस पंजाब किंग्स की तीसरी जीत के रहे हीरो

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 69), प्रियांश आर्य (57) और प्रभसिमरन सिंह (51) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब किंग्स ने सात गेंदें शेष रहते सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल मुकाबले में शनिवार को छह विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज की। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने पंजाब किंग्स के लिए तूफानी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 99 रन जोड़े। सातवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रियांश आर्य को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

प्रियांश आर्य ने 20 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए 57 रनों की पारी खेली। नौवें ओवर में शिवांग कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउटकर सनराइजर्स हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। प्रभसिमरन सिंह ने 25 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 51 रन बनाये। कूपर कॉनली 11 रन बनाकर शिवांग कुमार का तीसरा शिकार बने। 17वें ओवर में हर्ष दुबे ने नेहाल वढेरा को बोल्ड कर जीत की ओर बढ़ रही पंजाब लकग्स को चौथा झटका दिया। श्रेयस अय्यर ने



कप्तानी पारी खेलते हुए नाबाद 69 रन बनाकर पंजाब को जीत दिलाई। पंजाब किंग्स ने 18-5 ओवरों में चार विकेट पर 223 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से अपने नाम कर लिया। श्रेयस अय्यर ने 33 गेंदों में पांच चौके और पांच छक्के लगाते हुए नाबाद 69 रनों की पारी खेली। शशांक सिंह 16 रन बनाकर नाबाद रहे। आज यहां इससे पहले अभिषेक शर्मा (78), हेनरिक क्लासेन (39) और ट्रैविस (38) रनों की पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 220 रनों का लक्ष्य दिया। पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 120 रन जोड़कर अपनी टीम अच्छी शुरुआत दिलाई। नौवें ओवर में शशांक सिंह ने पहले ट्रैविस हेड और उसके बाद इसी ओवर की तीसरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को आउट कर पंजाब लकग्स को दोहरी सफलता दिलाई। ट्रैविस हेड ने 23 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रन बनाये।

अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्कों की बारिश करते हुए 74 रनों की तूफानी पारी खेली। कप्तान इशान किशन ने 17 गेंदों में 27 रन बनाये। उन्हें 14वें ओवर में अर्शदीप सिंह ने आउट किया। अनिकेत शर्मा नौ गेंद में (18) और सलील अरोघ (नौ) रन बनाकर आउट हुए। क्लासेन ने 33 गेंदों में एक चौका और एक छक्का लगाते हुए (39) रनों की पारी खेली। सनराइजर्स हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 219 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया लेकिन फिर इसका बचाव नहीं कर पाए। पंजाब लकग्स के लिए शशांक सिंह और अर्शदीप सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# विस्फोटक बल्लेबाजी कर सूर्यवंशी ने किया ऑरेंज कैप पर कब्जा

**गुवाहाटी, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 26 गेंदों में 78 रनों की विस्फोट बल्लेबाजी करते हुए ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। शुक्रवार रात खेले गए इस मुकाबले में जितने शानदार सूर्यवंशी रहे हैं, उनके सहयोगी यशस्वी जायसवाल भी उतने ही बेहतरीन हैं।

इस मैच में उन्होंने 8 गेंदों में 13 रन बनाए। और वह सर्वाधिक रन बनाने वालों दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। लेकिन दोनों के बीच मात्र 17 रन का अंतर हैं और उनके कुल 183 रन हैं। इसके अलावा शीर्ष तीन में आरआर का पूरा कब्जा बनाते हुए ध्रुव जुरेल तीसरे स्थान पर हैं,

जिन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए 75 रन के बाद आरसीबी के खिलाफ भी 43 गेंदों में नाबाद 81 रन की शानदार पारी खेली। इस मामले में दिल्ली




कैपिटल्स के समीर रिजवी 160 रन के साथ और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी 155 रन के साथ शीर्ष पांच में हैं। पर्पल कैप तालिका में भी आरआर शीर्ष पर है, जहां रवि बिश्नोई ने दो विकेट और जोड़कर कुल नौ विकेट कर लिए हैं। पी कृष्णा के पीछे पांच विकेट के साथ नौ गें. दबाजो का एक समूह है। इसमें पंजाब किंगस के विजयकुमार वैशाख, कृष्णा के टीम साथी राशिद खान, दिल्ली कैपिटल्स के लुंगी एनगिडी, लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिस यादव, आरसीबी के जैकब डफी, केकेआर के वैभव अरोड़ा, चेन्नई सुपर किंगस के अंशुल कंबोज और आरआर के दो अन्य गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और नांद्रे बर्गर शामिल हैं।

## खेल विशेष

### विटिडसर्न को हराकर आयुष बैडमिंटन एशिया के फाइनल में

**निगबो (चीन), वार्ता।** भारतीय स्टार बैडमिटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी कुनलावुत विटिडसर्न को हराकर बैडमिटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में जगह बना ली हैं। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में, 20 वर्षीय भारतीय ने पहला गेम हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ आयुष ने 59 साल बाद भारत के लिए इतिहास रचा और कम से कम रजत पदक पक्का कर लिया। आयुष शेट्टी अब खिताबी मुक. ाबले में चाऊ तिएन चेन और शी यूकी के बीन होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

### खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** एसजीटीबी खालसा एलुमनी और किरोड़ी मल कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5वें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबॉल टूर्नामेंट (पुरुष एवं महिला) के पांचवें दिन जीत दर्ज की। यह प्रतियोगिता एसजीटीबी खालसा कॉलेज में आयोजित की जा रही है। गार्गी कॉलेज और स्टनर्स अकादमी ने भी अपने-अपने मुकाबलों में आसान जीत हासिल की। पुरुष वर्ग में किरोड़ी मल कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 92-49 से हराया। किरोड़ी मल कॉलेज के हार्दिक को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुक. ाबले में एसजीटीबी खालसा एलुमनी ने रामजस कॉलेज को 81-60 से पराजित किया। खालसा एलुमनी के मुकेश को शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।महिला वर्ग में गार्गी कॉलेज ने मैत्रेई कॉलेज को 59-29 से हराया। गार्गी कॉलेज की कनिका को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एक अन्य मुकाबले में स्टनर्स अकादमी ने रामजस कॉलेज को 70-29 से हराया।

### मैकलरॉय को छह शॉट की बढ़त, भाटिया मास्टर्स से बाहर

**अगस्ता, वार्ता।** 2026 अगस्ता मास्टर्स ने हाफवे स्टेज पर एक अहम मोड़ लिया, जब रोरी मैकलरॉय ने देर से शानदार चार्ज करते हुए रिकॉर्ड तोड़ छह शॉट की लीड हासिल की, जबकि अक्षय भाटिया हाफवे कट से चूक गए। मैकलरॉय ने शुक्रवार को टूर्नामेंट का सबसे अच्छा परफॉर्मेंस दिया, उन्होंने शानदार 7-अंडर 65 का स्कोर बनाया, जिससे बाकी खिलाड़ी उनसे पीछे रह गए। राउंड के ज्यादातर समय तक खचाखच भरे लीडर बोर्ड पर बने रहने वाले नॉर्दर्न आयरिशमैन ने अपने आखिरी सात होल्स में छह बर्डी के साथ बढ़त हासिल की। उनके 36-होल के कुल 12-अंडर 132 ने मास्टर्स के इतिहास में सबसे बड़ी हाफवे लीड का नया बेंचमार्क सेट किया। इस राउंड में मैक्लेरॉय का अनुभव और दबाव में उनका धैर्य दिखा।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ बंगलादेश की 15 सदस्यीय टीम में कोई बदलाव नहीं

**ढाका, वार्ता।** बंगलादेश ने न्यूजीलैंड खिलाफि 17 अप्रैल से शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए हबीबुल बशर की अगुवाई में 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की है। यह वही टीम है जिसने पिछले महीने अपने घर पर पाकिस्तान को 2-1 से हराया था। ए मैच 17 और 20 अप्रैल को ढाका में होंगे।

तीसरा वनडे 23 अप्रैल को चट्टोग्राम में खेला जाएगा। जैसा कि पहले बताया गया था, मेहदी हसन मिराज टीम की कप्तानी करेंगे। टीम के चयन को लेकर हबीबुल बशर ने कहा कि चयन समिति निरंतरता बनाए रखना चाहती है, और कोई भी फैसला लेने से पहले वे खास तौर पर सैफ को थोड़ा और मौका देना चाहते हैं। बशर ने कहा कि बंगलादेश ने पिछली सीरीज में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला था। टीम में कुछ ऐसे खिलाड़ी भी थे जिन्हें प्लेइंग इलेवन में खेलने का मौका नहीं मिला। हमने एक नीति बनाई है कि हम किसी भी खिलाड़ी को टीम में खेलने के लिए पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। हम किसी भी खिलाड़ी को बिना पूरे मौके दिए टीम से बाहर नहीं करना चाहते। हम निरंत. रता में विश्वास रखते हैं, और इसी वजह से हमने टीम में कोई बदलाव नहीं किया है। चयनकर्ताओं ने नाहिद राणा, तस्कीन अहमद, मुस्तफजिुर रहमान और शोरिफुल इस्लाम के उसी तेज गेंदबाजी आक्रमण को भी बरकरार रखा है।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी LSG

**लखनऊ, वार्ता।** आखिरी ओवर के तनाव से लेकर उभरते सितारों तक, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) रविवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 19वें मैच में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ एक बड़े दांव वाले दिन के मैच में, पिछले मैच के रोमांचक अंत की लहर पर सवार होकर उतरेगी। सभी की नजरें युवा मुकुल चौधरी पर टिकी हैं

, जिन्होंने दबाव में 27 गेंदों पर निडर होकर नाबाद 54 रन बनाकर पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ तीन विकेट से शानदार जीत दिलाई थी। आखिरी दो ओवरों में जब 30 रनों की जरूरत थी, तब इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने जबरदस्त संयम और



साफ-सुथरी हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए इस सीजन के सबसे रोमांचक फिनिश में से एक को अंजाम दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन को इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट आयुष बडोनी के 34 गेंदों पर बनाए गए स्थिर 54 रनों ने और मजबूत किया, जिसने लखनऊ को तब भी मैच में बनाए रखा जब जीत हाथ से फिसलती हुई लग रही थी। इस जीत ने ऋषभ पंत की अगुवाई वाली टीम में एक नया आत्मविश्वास भर दिया है, जो अब लगातार तीसरी जीत की तलाश में है। लखनऊ को गुजरात पर अपनी हालिया बढ़त से भी आत्मविश्वास मिलेगा, क्योंकि उसने दोनों टीमों के बीच हुए पिछले तीन मुकाबले जीते हैं। उनकी पिछली भिड़ंत में एक जबरदस्त प्रदर्शन देखने को मिला था, जिसमें एक तूफानी शतक भी शामिल था जिसने उन्हें आसानी से जीत दिलाई थी,

जबकि निकोलस पूरन ने गुजरात के खिलाफ लगातार अहम पारियां खेलकर टीम में योगदान दिया है। हालांकि, गुजरात भी अपनी एक अलग कहानी के साथ मैदान में उतर रही है - एक ऐसी कहानी जिसमें वापसी और नई लय शामिल है। शुभमन गिल की अगुवाई में, जीटी ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ एक ठोस जीत के साथ सीजन की मुश्किल शुरुआत को पीछे छोड़ दिया है, इसका श्रेय काफी हद तक उनके टॉप-ऑर्डर के बल्लेबाजों को जाता है जिन्होंने आखिरकार एक साथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है। गिल के शानदार 70 रनों ने मैच की लय तय की, जबकि साई सुदर्शन ने भी अपने लगातार अच्छे प्रदर्शन को जारी रखा। टॉप-ऑर्डर में जोस बटलर के शामिल होने से टीम की बल्लेबाजी में और भी धार आ गई है, जो उनके तेज अर्धशतक से साफ जाहिर होता हैद्ध वहीं वाशिगटन सुंदर के पहले आईपीएल अर्धशतक ने टीम के मध्यक्रम को और भी मजबूत बनाया है। ग्लेन फिलिप्स और शाहरुख खान जैसे पावर-हिटर बल्लेबाजों के साथ-साथ राहुल तेवतिया की मैच खत्म करने की काबिलियत को देखते हुए, गुजरात की बल्लेबाजी यूनिट सही समय पर अपना संतुलन हासिल करती हुई नजर आ रही है।

# मुंबई अपनी खोई हुई साख की तलाश में

### पक्के इरादे के साथ उतरेगी आरसीबी

**मुंबई, वार्ता।** एक ऐसे दिग्गज के बारे में कुछ उदास करने वाली बात है जिसने अपना दबदबा खो दिया हो। मुंबई इंडियंस, जो कभी वानखेड़े की बेताज बादशाह थी, अब किराएदारों की तरह अपने घर लौट रही है, इस उम्मीद में कि किराया बकाया न हो। पिच के दूसरी तरफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु खड़ी है, जिसमें एक ऐसी टीम का सहज आत्मविश्वास है जिसे लगता है कि दुनिया कुछ समय के लिए उसकी मुठी में है।

मुंबई की मुश्किल सीधी-सादी है और इसलिए, बेरहम भी। तीन मैचों में सिर्फ एक जीत। लगातार दो हार। पॉइंट्स टेबल पर आठवें स्थान पर। आंकड़े झूठ नहीं बोलते, हालांकि वे शायद ही कभी पूरी कहानी बताते हैं। रोहित शर्मा ने 118 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट घबराहट के बजाय जल्दबाजी




दिखाता है, उन्होंने अपना काम बखूबी किया है - वे एक ऐसे सेनापति की तरह हैं जो अभी भी सीना ताने खड़ा है, जबकि उसके पीछे सैनिक हिचकिचाते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रयान रिकेल्टन ने भी तेजी से कुछ योगदान दिया है, लेकिन क्रिकेट, जदिगी की तरह ही, टुकड़ों में किए गए प्रयासों का इनाम नहीं देता, वह पूरे और ठोस प्रदर्शन की मांग करता है। मिडिल ऑर्डर - वह भरोसे के लायक न रहने वाला रिश्तेदार जो वादे तो बड़े-बड़े करता है, लेकिन निभाता बहुत कम है - उसने भी निराश ही किया है। तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या - इन सभी ने दरवाजे पर दस्तक तो दी है, लेकिन कमरे के अंदर पूरी तरह से दाखिल नहीं हो पाए हैं। सूर्यकुमार, जिनका इस मैदान पर औसत 43 का है, अपनी पुरानी यादों को अपना साथी बनाकर चल रहे हैं, लेकिन यादें रन नहीं बनातीं - रन तो बल्लेबाज ही बनाते हैं। पिछले मैच में, नमन धीर और शेरफेन रदरफोर्ड ने इतनी छोटी और शानदार पारियां खेलीं कि वे किसी कविता जैसी लगीं - सुनने में तो बहुत अच्छी, लेकिन जीत के लिए नाकाफी। गेंदबाजों की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। शार्दुल ठाकुर ने विकेट तो लिए हैं, हां, लेकिन उनकी कीमत इतनी ज्यादा रही है कि कोई भी हिंसाब-किताब रखने वाला द्धअकाउंटेंटऋ भी उसे देखकर अपना सिर पकड़ ले। जसप्रीत बुमराह ने बहुत ही किफायती गें. दबाजी की है - उनका संयम किसी साधु जैसा रहा है - फिर भी अजीब बात है कि उन्हें विकेटों का कोई इनाम नहीं मिला।

अल्लाह ग़ज़नफर ने तो उम्मीद जगाई, वहीं ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और हार्दिक पंड्या का प्रदर्शन कभी तो बहुत खतरनाक रहा, तो कभी बहुत ही उदार (यानी रन लुटाने वाला) इसके ठीक उलट, बेंगलुरु की टीम किसी सधे हुए ऑर्केस्ट्रा की तरह मैदान में उतरती है। विराट कोहली ने अब तक 129 रन बनाए हैं और वानखेड़े के प्रति उनका लगाव तो किसी प्रेम-कहानी जैसा ही है, वे उसी आत्मविश्वास के साथ रन बटोरते जा रहे हैं, जैसा कि किसी ऐसे इंसान में होता है जिसने जदिगी के हर रंग देखे हों और कुछ भी भूला न हो। देवदत्त पडिक्कल एक युवा राजकुमार के अंदाज में दिखे हैं - बेफक्रि, शानदार और बिना किसी शक के बोझ के - उनके 125 रन इतनी तेजी से बने कि गेंदबाज हांफते रह गए। कप्तान रजत पाटीदार, पारी के रचयिता और निर्माता दोनों रहे हैं, उन्होंने 200 के स्ट्राइक रेट से पारी को गढ़ा है। उनके हाल के 63 रन इस बात की याद दिलाते हैं कि क्रिकेट में कप्तानी का सबसे अच्छा प्रदर्शन बल्ले से ही होता है। फिलिप सॉल्ट एक भरोसेमंद साथी रहे हैं, जबकि टिम डेविड ने गेंदबाजों के साथ वैसा ही बर्ताव किया है जैसा लोग अक्सर टेलीमार्केटर्स के साथ करते हैं - इस सीजन में नौ छक्के लगाए हैं।

# नेमार अभी भी ब्राजील वर्ल्ड कप टीम के फ्रेम में

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** नेशनल टीम के असिस्टेंट कोच डेविड एंसेलोटी के मुताबिक, नेमार अपनी फिटनेस को लेकर चल रही चिंताओं के बावजूद 2026 फीफा वर्ल्ड कप के लिए ब्राजील की टीम का हिस्सा हो सकते हैं। नेमार, ब्राजील के लिए 128 इंटरनेशनल मैचों में 79 गोल के साथ अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं,

दिसम्बर में अपने बाएं घुटने की आर्थोस्कोपिक सर्जरी के बाद इस साल सैंटोस के लिए सिर्फ छह मैच खेले हैं। अक्टूबर 2023 में उरुग्वे के खिलाफ वर्ल्ड कप क्वालीफायर में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट फटने के बाद से वह ब्राजील के लिए नहीं खेले हैं, इस चोट की वजह से वह एक साल से ज्यादा समय तक बाहर रहे। लेकिन ब्राजील के हेड कोच कार्लो के बेटे डेविड ने कहा कि 34 साल के नेमार के पास 11 जून को टूर्नामेंट शुरू होने से पहले पूरी तरह से फिट होने का समय है। डेविड ने कहा, ष्बेशक, वह नेशनल टीम का टॉप स्कोरर है और उसके पास मौका है। उसके पास अपना बेस्ट करने और लिस्ट में आने की कोशिश करने का समय है। डेविड ने कहा कि ब्राजील की वर्ल्ड कप टीम की घोषणा शायद 18 मई को की जाएगी, जो फीफा की ऑफिशियल डेडलाइन से लगभग दो हफ्ते पहले है। इससे नेमार को ब्राजील के कोचिंग स्टाफ को यह समझाने के लिए 11 क्लब गेम मिलेंगे कि वह यूनाइटेड स्टेट्स, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तैयार है। डेविड ने कहा, ष्आखिर में, यह मैनेजर का फैसला है और उसके पास इसे लेने का समय है। ब्राजील अपना वर्ल्ड कप कैंपेन 13 जून को मोरक्को के खिलाफ शुरू करेगा, जिसके बाद 19 जून को हैती और 24 जून को ग्रुप सी में स्कॉटलैंड का सामना करेगा।

# अल्काराज व सिनर सेमीफाइनल में

**मोंटे-कार्लो, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी कार्लोस अल्काराज और नंबर दो खिलाघी जानिक सिनर मोंटे-कार्लो मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। अल्काराज ने शुक्रवार को अलेक्जेंडर बुब्लिक को 6-3, 6-0 से हराकर लगातार दूसरे साल इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

स्पेनिश खिलाड़ी को मार्च में मियामी में सेबेस्टियन कोर्डा के हाथों तीसरे दौर में निराशाजनक हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इस हफ्ते मोनाको में क्ले कोर्ट पर वापसी करते हुए वह काफी सहज दिखे। अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज और टॉमस मार्टिन एचेवेरी को हराने के बाद, अल्काराज ने आठवीं वरीयता प्राप्त बुब्लिक के खिलाफ अपनी परीक्षा पास कर ली, बुब्लिक पहली बार इस स्पेनिश खिलाड़ी का सामना कर रहे थे। फुटबॉल जगत के दिग्गज पाओलो डि



कैनियो की मौजूदगी में खेले गए एक रोमांचक शुरुआती सेट में, अल्काराज ने बुब्लिक की विविधताओं और गेंद पर उनकी पकड़ का बखूबी सामना किया, और कई बार 'चूहे-बिल्ली' जैसे रोमांचक खेल में 28 वर्षीय बुब्लिक को अपनी चालों से मात दी। नंबर 1 खिलाड़ी ने इसके बाद कोर्ट रेनियर प्प्प् पर दूसरे सेट में जबरदस्त खेल दिखाते हुए अपनी 300वीं टूर-स्तरीय जीत हासिल की। अल्काराज अब मोंटे-कार्लो में अपने खिताब को सफलतापूर्वक बचाने से बस दो जीत दूर हैं, पिछले साल चैंपियनशिप मैच में लोरेंजो मुसेटी को हराकर उन्होंने पहली बार क्ले-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में जीत हासिल की थी। 22 वर्षीय अल्काराज का अगला मुक. ाबला शनिवार को सेमी-फाइनल में मोनेगास्क स्टार वैलेंटीन वैचेरोट से होगा। वैचेरोट ने मोंटे-कार्लो मास्टर्स में अपना ऐतिहासिक सफर जारी रखा, कोर्ट रेनियर प्प्प् पर शोर मचाती भीड़ के समर्थन से, वैचेरोट ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर को 6-4, 3-6, 6-3 से हराया और अपनी चौथी शीर्ष 10 जीत हासिल की। इस बीच नंबर दो जानिक सिनर ने फेलिक्स ऑगर-एलियासिम को आसानी से हराकर अपने 2026 सीजन में एक और एटीपी मास्टर्स 1000 का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। एटीपी रैंकिंग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी ने ऑगर-एलियासिम को 6-3, 6-4 से हराकर अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ अंतिम चार में मुकाबले की तैयारी कर ली है। इस इटैलियन खिलाड़ी ने मोनाको में चौथे दौर में टॉमस माचाक के खिलाफ एक सेट हारने से पहले, मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में लगातार सेट जीतने का अपना रिकॉर्ड 37 तक पहुंचा दिया थाद्ध अब उन्होंने इस स्तर पर लगातार 20 मैच जीत लिए हैं।

# भारत के आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड नंबर 1 को हराकर फाइनल में जगह बनाई

**चीन, वार्ता।** बीस साल के आयुष शेट्टी ने बैडमिटन एशिया चैंपियनशिप में अपनी जबरदस्त जीत का सिलसिला जारी रखा। इस नई पीढ़ी के भारतीय खिलाड़ी ने शनिवार को इस इवेंट में थाईलैंड के डिफेंडिग चैंपियन और वर्ल्ड नंबर 1 कुनलावुत विटिडसार्न को 10-21, 21-19, 21-17 से हराकर मेन्स सिगल्स फाइनल में जगह बनाई। शेट्टी 1965 के बाद फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय मेन्स सिगल्स खिलाड़ी बने।

हालांकि पहला गेम 2023 वर्ल्ड जूनियर ब्रॉन्ज मेडलिस्ट के पक्ष में नहीं था, लेकिन शेट्टी ने अपनी शुरुआती हार से उबरते हुए अगले दो गेम आराम से जीते और ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट विटिडसार्न को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में आयुष ने 12-4 की बढ़त ले ली और हालांकि विटिडसार्न ने




13-11 से अंतर कम कर लिया, लेकिन भारतीय हमेशा आराम से दिखे।

तीसरे गेम में भी उसी कॉन्फिडेंस के साथ उतरते हुए आयुष ने 1 घंटे 15 मिनट में एशियन चैंपियनशिप में अपनी पहली फाइनल जगह पक्की कर ली। अब उनका सामना चाउ टिएन चेन (विश्व रैंकिंग 6) और शि यू की (विश्व रैंकिंग 2) के बीच होने वाले मैच के विनर से होगा। अगर आयुष फाइनल मैच में स्वर्ण पदक जीतने में सफल होते हैं, तो 2023 के बाद यह भारत का पहला स्वर्ण पदक होगा। 2023 में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने पुरुष युगल में स्वर्ण पदक जीता था।



# राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी के मेकर्स ने राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। जियो स्टूडियोज और मुंबई फिल्म कंपनी ने फिल्म राजा शिवाजी का शानदार पोस्टर जारी करने के बाद अब दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है। मेकर्स ने फिल्म के राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का एक दमदार बिहाइंड द सीन्स वीडियो रिलीज किया है, जिसे मशहूर संगीतकार जोड़ी अजय-अतुल ने तैयार किया है। इस फिल्म का निर्देशन, लेखन, निर्माण और मुख्य भूमिका निभा रहे रितेश विलासराव देशमुख इस एंथम में छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार में नजर आएंगे। वीडियो में फिल्म के भव्य म्यूजकिल विजन की झलक देखने को मिलती है, जो इस ऐतिहासिक फिल्म के स्तर को और ऊंचा बनाती है। वीडियो में अजय-अतुल और उनकी टीम की मेहनत साफ नजर आती है। राजा शिवाजी एंथम छत्रपति का दमदार संगीत और ऊर्जावान साउंड इसे बड़े पर्दे पर देखने का शानदार अनुभव बनाने का वादा करता है। इसका मुख्य कोरस पहले ही रिलीज हो चुका है, जिसे दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। अजय-अतुल द्वारा कंपोज और गाया गया राजा शिवाजी एंथम छत्रपति 13 अप्रैल को रिलीज होगा। फिल्म राजा शिवा. जी में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र, अमोल गुप्ते, जिनिलीया देशमुख और रितेश विलासराव देशमुख नजर आएंगे।

# प्रभास और आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर मचाया धमाल





**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास और बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य धर के साथ आने की चर्चा ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। यह चर्चा तब शुरू हुई जब संदीप रेड्डी वांगा ने धुरंधर 2 को लेकर एक ट्वीट किया, जिस पर आदित्य धर ने जवाब देते हुए प्रभास को एक लीजेंड बताया। नेटिजन्स के लिए यह एक छोटा सा इशारा ही काफी था और उन्होंने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि पर्दे के पीछे कुछ बहुत बड़ा पक रहा है। हालांकि अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, लेकिन फैंस इन छोटे-छोटे हिट्स को पकड़ रहे हैं और कल्पना कर रहे हैं कि यह भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े कॉम्बिनेशंस में से एक हो सकता है। सोशल मीडिया पर रिएक्शंस की बाढ़ आ गई है, जहां फैंस इसे ड्रीम कोलैब कह रहे हैं जो बड़े पैमाने पर सिनेमा और कहानी कहने के तरीके को बदल सकता है। कई लोगों का मानना है कि प्रभास की लार्जर-दैन-लाइफ स्क्रीन प्रेजेंस और आदित्य धर का दमदार निर्देशन मिलकर एक ऐसा सिनेमाई चमत्कार पेश कर सकते हैं जो पहले कभी नहीं देखा गया। इस संभावित कोलैबोरेशन के स्केल को लेकर इंटरनेट पर चर्चाएं छाई हुई हैं।अभी तक इस बात की कोई आधिकारिक पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन बढ़ती चर्चाओं ने एक बात साफ कर दी है, दर्शक प्रभास और आदित्य धर को साथ देखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# सलमान स्टारर मातृभूमि-मेय वॉर रेस्ट इन पीस का गाना लॉन्च

**मुंबई।** सलमान खान फिल्म्स म्यूजिक ने अपनी फिल्म मातृभूमि: मे वॉर रेस्ट इन पीस का नया गाना मेरा जी नहीं भरा रिलीज कर दिया है। जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया यह गाना युद्ध की अफरा-तफरी के बीच पनपते खूबसूरत प्यार को बखूबी दिखाता है। सोशल मीडिया पर इस गाने को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, मेरा जी नहीं भरा एक प्यारा सा रोमांटिक गाना है जो फिल्म की कहानी में भावनाओं का एक नया मोड़ लेकर आता है। इसके विजुअल्स आंखों को सुकून देने वाले हैं और बैकग्राउंड्स काफी शानदार हैं, जो लीड जोड़ी की केमिस्ट्री को और भी निखारते हैं और फिल्म की दुनिया में एक इमोशनल गहराई जोड़ते हैं। श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा इस दिल छू लेने वाले गाने के लिए साथ आए हैं। इस ट्रैक को शमीर टंडन और कुमार गौरव सिंह ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल विश्वदीप जीस्त ने लिखे हैं। शबीना खान की कोरियोग्राफी इस गाने में एक अलग ही खूबसूरती और ग्रेस जोड़ती है। फर्रे और क्लास व स्ट्रेंज सिटी जैसी ओटीटी सीरीज के लिए पहचाने जाने वाले जैन इस रोल के साथ अपनी वर्सेटिलिटी (बहुमुखी प्रतिभा) दिखा रहे हैं।



# नुसरत भरुचा का साहसी चुनाव ही बनाता है उनकी अलग पहचान

**मुंबई।** फिल्म छोरी 2 को रिलीज हुए एक साल हो गया है, लेकिन आज भी नुसरत भरुचा की परफॉर्मेंस को काफी याद किया जाता है और उसकी वजह है उनका कुछ अलग करने का चुनाव है। आमतौर पर फिल्म इंडस्ट्री में जहां कलाकार अक्सर उसी रास्ते पर चलते हैं, जो काम कर रहा हो, वहां नुसरत ने धीरे-धीरे उस दायरे से बाहर निकलने का फैसला किया। सोनू के टीटू की स्वीटी और ड्रीम गर्ल जैसी फिल्मों से एक जाना पहचाना चेहरा बनने के बावजूद, उन्होंने उसी स्पेस में बने रहने की बजाय छोरी के साथ एक बड़ा मोड़ लिया और यह मोड़ था एक फीमेल-लीड हॉरर फिल्म का, जो लगभग पूरी तरह उनकी परफॉर्मेंस पर टिकी थी। हालांकि छोरी 2 के साथ उन्होंने इस सफर को और आगे बढ़ाया, जहां कहानी ज्यादा इंटेंस और इमोशन से भरपूर हो गई। छोरी 2 को रिलीज हुए आज एक साल हुए हैं और आज भी यह फिल्म उनके दर्शकों के मन में जस की तस बनी हुई है और उसकी वजह है नुशरत भरुचा की पर्फोर्मेंस। छोरी और छोरी 2 की सबसे बड़ी ताकत यही रही कि नुसरत सिर्फ कहानी का हिस्सा नहीं थीं, बल्कि उन्होंने उसे अपने कंधों पर उठाया। उनका किरदार साक्षी एक टिपिकल कमर्शियल हीरोइन जैसा नहीं है, जो बेबाक और निडर है। वह कमजा. ेर भी है और डरी हुई भी, लेकिन अंदर से मजबूत भी है और यही बैलेंस कहानी को दिलचस्प बनाता है। छोरी 2 में यह इमोशनल गहराई और भी अहम हो जाती है, क्योंकि फिल्म ज्यादा डार्क और साइकोलॉजिकल टेरिटरी में जाती है, और नुशरत हर मुश्किल मोमेंट को मजबूती से संभालती नजर आती हैं। यदि नुसरत के फिल्मी चुनावों को देखा जाए, तो एक साफ पैटर्न नजर आता है और वो यह है कि वे सेफ खेलने के बजाय, हमेशा से ऐसे रोल चुनती आई हैं, जिनमें एक तरह का रिस्क शामिल हो। चाहे जनहित में जारी हो के जरिए सामाजिक मुद्दे को उठाना हो या छोरी और छोरी 2 के जरिए हॉरर में एक मजबूत मैसेज के साथ एक्सपेरिमेंट करना हो, उन्होंने रिपीट करने की बजाय एक्सप्लोर करने का रास्ता चुना है।फिर भी, इन सबके बावजूद, वह अक्सर सबसे ज्यादा शोर-शराबे वाली चर्चाओं का हिस्सा नहीं बनतीं। शायद इसलिए क्योंकि उनका बदलाव अचानक या ओवर-मार्केटेड नहीं रहा, बल्कि धीरे-धीरे और नेचुरल तरीके से हुआ है। लेकिन यही बात उनके सफर को खास भी बनाती है। यह किसी प्लान्ड रीइंवेंशन जैसा नहीं, बल्कि एक ऑर्गेनिक ग्रोथ जैसा लगता है। आज छोरी 2 के एक साल बाद, नुसरत भरुचा एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में सामने आती हैं, जो अपने कम्फर्ट जोन से बाहर जाने से नहीं डरतीं। ऐसे समय में जब दर्शक नए जॉनर और मजबूत कहानियों के लिए ज्यादा खुले हैं, उनका यह अप्रोच उनकी क्रेडिबिलिटी को और मजबूत बनाता है।



# इलजाम में वकील की भूमिका निभाएंगी न्यारा



**मुंबई।** अभिनेत्री न्यारा एम बनर्जी अपने आने वाले प्रोजेक्ट इलजाम में वकील की भूमिका निभाती नजर आएंगी। खास बात यह है कि यह किरदार न्यारा एम बनर्जी के लिए सिर्फ एक अभिनय नहीं, बल्कि उनकी असल जिंदगी से गहराई से जुड़ा हुआ है। फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में आने से पहले न्यारा ने कानून की पढ़ाई की थी। उन्होंने कभी वकील बनने का रास्ता चुना था, लेकिन बाद में उन्होंने अभिनय की दुनिया में कदम रखा। अब इलजाम में एक वकील का किरदार निभाना उनके लिए मानो एक फुल सर्कल मोमेंट है। इलजाम के साथ न्यारा न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता का नया पहलू दिखा रही हैं, बल्कि अपने अतीत के एक महत्वपूर्ण हिस्से को फिर से जी रही हैं,जो इस भूमिका को और भी खास और दिलचस्प बनाता है। सूत्रों के अनुसार, इलजाम में न्यारा एम बनर्जी का किरदार कई दमदार और प्रभावशाली पलों से भरा होगा, जो न्याय और आवाज की ताकत को उजागर करेगा। यह उनके करियर में एक नया मोड़ साबित हो सकता है, जहां वह अधिक गंभीर व प्रदर्शन-प्रधान अवतार में नजर आएंगी।

# राणाबाली के लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी : राहुल सांकृत्यायन

**मुंबई।** निर्देशक राहुल सांकृत्यायन का कहना है कि फिल्म राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राणाबाली साल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, जिसमें पर्दे की मशहूर जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना एक बार फिर साथ आ रहे हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले बनी और राहुल सांकृत्यायन के निर्देशन में बन रही इस फिल्म ने दर्शकों के बीच पहले ही जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। राहुल सांकृत्यायन ने खुलासा किया कि राणाबाली की जड़ें पूरी तरह से वास्तविक घटनाओं से जुड़ी हैं और इसके लिए काफी रिसर्च की जरूरत पड़ी। राहुल सांकृत्यायन ने उन्होंने रिसर्च के लिए इतिहासकारों, कवियों से बात की और पुराने रिकॉर्ड्स खंगाले। इतिहास कई रूपों में मौजूद है, सिर्फ किताबों में ही नहीं, बल्कि उन कहानियों में भी जो गांवों और रीति-रिवाजों के जरिए हम तक पहुंची हैं। उन्होंने कहा, मद्रास प्रेसीडेंसी, जिसमें आज का चेन्नई, तेलुगु क्षेत्र और बेंगलुरु शामिल हैं के पास संघर्ष और जुझारूपन की अपनी अनकही कहानियां हैं। हम शायद ही कभी मुख्यधारा की कहानियों में इन्हें सुनते हैं।ष उन्होंने साझा किया कि फिल्म के कुछ सबसे दमदार पल उन्हें भूले-बिसरे गांवों और छिपे हुए अभिलेखागारों से मिले हैं। ऐसा ही एक किस्सा उनके पिता के गांव की यात्रा का था, जहां उन्होंने एक लंबे समय से भूले हुए रीति-रिवाज को फिर से जीवित होते देखा और इसी अनुभव ने फिल्म के क्लाइमेक्स को प्रेरित किया। राहुल सांकृत्यायन ने राणाबाली के पीछे की प्रेरणा के बारे में खुलकर बात की और खुलासा किया कि यह फिल्म 19वीं सदी के रायलसीमा की वास्तविक घटनाओं पर गहराई से आधारित है। यह असल कहानियां ही उनकी इस आने वाली पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा की नींव हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

